www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 311 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
06 फरवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
>> डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:50
सूर्यास्त: 05:51
अधिकतम: 22°00
न्यूनतम: 11°00


पेज 07

विशेष समाचार | एक 'ऐतिहासिक सफलता'... >> पेज 04 | 'विधायक कोई घास छीलने... >> पेज 06 | 5 साल बाद रिया चक्रवर्ती की...

# 'पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था'

## स्पीकर बोले इसलिए मैंने लोकसभा में उनकी स्पीच टाली, दावा- कांग्रेस ने हमले की प्लानिंग की थी

**भाषण**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी कल शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था।

न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि बुधवार को PM की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया।

दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी।

इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



### स्पीकर बोले-कल पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी कल शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था। न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि बुधवार को PM की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया।

दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी।

इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है।

स्पीकर ओम बिरला ने कहा, 'ऐसा माहौल था कि पीएम के साथ कुछ भी अप्रत्याशित घट सकता था।' और इसी वजह से प्रधानमंत्री की स्पीच टल गई।

राहुल गांधी बुधवार को आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब लेकर संसद पहुंचे थे।

'मोदी जी सच्चाई से ऐसा डरे कि झूठ की शरण ले ली' - राहुल गांधी

राज्यसभा से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बादसभापति सीपी राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी



### सवालों से इतनी घबराहट- पीएम मोदी पर राहुल गांधी का तंज

राज्यसभा में पीएम मोदी के अभिभाषण के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर उन पर तंज कसा है. राहुल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि बस सवालों से इतनी घबराहट? उन्होंने कहा कि मोदी जी सच्चाई से ऐसा डरे कि झूठ की शरण ले ली. खैर, जो उचित समझा, वही किया।

कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमने लोकतंत्र में इस तरह का व्यवहार कभी नहीं देखा. जिस तरह का अहंकारी नेतृत्व आज देश में है, उसमें प्रजातंत्र नहीं चल सकता है संविधान की हत्या की जा रही है



अपने अभिभाषण को विराम देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के मित्रों का भी आभार, क्योंकि वे जानते हैं कि एकबार शुरु होता हूं तो रुकता नहीं हूं. उन्होंने समझदारी से काम लिया, उनको ऐसी समझ निरंतर मिलती रहे

### राज्यसभा में पीएम बोले-कांग्रेस के वक्त डील यानी बोफोर्स घोटाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। स्पीच के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गेजी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। प्रधानमंत्री ने एक घंटा 27 मिनट भाषण दिया। मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

### केंद्रीय मंत्री बिट्टू सिख हैं, इसलिए राहुल ने गद्दार कहा

पीएम मोदी ने कहा कि राहुल गांधी ने रवनीत बिट्टू को गद्दार कहा, क्योंकि वह सिख हैं। यह सिखों का अपमान है। कल जो हुआ, कांग्रेस के 'युवराज' जिनका शातिर दिमाग है, उन्होंने इस सदन के एक सांसद को 'गद्दार' कहा। उनका अहंकार चरम पर है। उन्होंने कांग्रेस छोड़ने वाले किसी और को गद्दार नहीं कहा। लेकिन उन्होंने उस सांसद को गद्दार इसलिए कहा क्योंकि वे एक सिख हैं। यह सिखों का अपमान था, गुरुओं का अपमान था। यह सिखों के प्रति उस नफरत का इजहार था जो कांग्रेस में भरी हुई है। रवनीत बिट्टू उस परिवार के सदस्य हैं, जिसने देश के लिए खुद को कुर्बान कर दिया। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोग कांग्रेस को डुबो देंगे।

## हादसा : मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका

### कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका

**रेस्क्यू**

तमसा संकेत, एजेंसी



**16 की मौत**

शिलांग। मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी।

बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। पुलिस महानिदेशक ने कहा,अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है। धमाके का कारण के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## बंगाल में 21-40 की उम्र के बेरोजगारों को मिलेंगे 1500

### 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश

**बढ़ोतरी**

तमसा संकेत, एजेंसी



कोलकाता । पश्चिम बंगाल में 21-40 साल की आयु वर्ग के बेरोजगार लोगों को 1,500 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में दोबारा आती है ते यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी।

सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले में डियरनेस अलाउंस(DA) में भी 4% की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, लक्ष्मी भंडार योजना के तहत भी 500 रुपए बढ़ाए गए हैं। इसमें अभी तक सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और SC/ST

■ ममता बोलीं- केंद्र पर 2 लाख करोड़ बकाया

महिलाओं को 1,200 रुपए दिए जाते थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया। राज्य में तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### ईसी बोला-बंगाल में एसआईआर के दौरान हिंसा और धमकी मिली

नई दिल्ली । इलेक्शन कमीशन (EC) ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को पश्चिम बंगाल में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर हलफनामा दाखिल कर जानकारी दी।

**सुझाव | नियम**

### संसदीय समिति बोली- रेलवे आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए

नई दिल्ली । संसदीय समिति ने मंगलवार को कहा RAC कैटेगरी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए यात्री से पूरा किराया लेना सही नहीं है। समिति ने रेल मंत्रालय को सुझाव दिया कि रेल मंत्रालय को ऐसे यात्री को आंशिक किराया वापस करने के लिए नियम बनाना चाहिए। मौजूदा नियम के तहत, रेलवे RAC कैटेगरी के तहत ट्रेनों में बर्थ बुक करने के लिए यात्री से पूरा किराया लेता है। हालांकि, यात्री RAC कैटेगरी में रह सकता है और बर्थ दूसरे RAC यात्री के साथ साझा कर सकता है।

### मणिपुर की नई डिप्टी सीएम नेमचा किपगेन का विरोध

नई दिल्ली/इंफाल । मणिपुर में आज से विधानसभा का नया सत्र शुरू हो रहा है। यह सत्र नए मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद बुलाया गया है। इधर, दिल्ली में बुधवार शाम को कुकी-जो समूह से जुड़े लोगों ने मणिपुर भवन के बाहर प्रदर्शन किया।

## अहमदाबाद में आसाराम के आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

### सरकार का 45,000 वर्गमीटर जमीन लेने का रास्ता साफ

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

अहमदाबाद । आसाराम का अहमदाबाद स्थित आश्रम टूटेगा। गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को मोटेरा आश्रम ट्रस्ट की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में शहर के मोटेरा इलाके में स्थित भूखंड को खाली कराने की सरकारी कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के फैसले से राज्य सरकार के लिए आश्रम की जमीन अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया है। आश्रम की 45,000 वर्ग मीटर से ज्यादा की



■ अहमदाबाद में साबरमती नदी किनारे इस आश्रम की स्थापना आसाराम ने 1972 में की थी।

जमीन पर 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाना है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### आश्रम में 32 अवैध निर्माण थे

राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सीनियर पब्लिक प्रॉसीक्यूटर जीएच विर्क ने कोर्ट को बताया कि यह जमीन दशकों पहले सीमित धार्मिक उपयोग के लिए दी गई थी। लेकिन, धीरे-धीरे इसका विस्तार होता चला गया। जबकि, भूमि आवंटन की शर्तों के अनुसार इसका व्यावसायिक उपयोग, अनधिकृत निर्माण और बिना अनुमति विस्तार प्रतिबंधित था। >> ( 06 पर)

## सीएम योगी का सख्त संदेश, यूपी में होगी छापेमारी

# चाइनीज मांझे से मौत 'हत्या'

**सख्ती**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे से हो रही लगातार दुर्घटनाओं और मौतों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि चाइनीज मांझे की वजह से किसी व्यक्ति की मौत होना हत्या के समान है और ऐसे मामलों में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी का कहना है कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही और अपराध का नतीजा है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताई कि पूरी तरह प्रतिबंधित होने के बावजूद चाइनीज मांझा बाजार में कैसे उपलब्ध हो रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ प्रतिबंध के बावजूद बिक्री पर नाराज योगी
■ सख्त कार्रवाई के संकेत

### जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि चाइनीज मांझे की पूरी सप्लाई चेन को तोड़ा जाए, ताकि यह जानलेवा मांझा दोबारा बाजार तक न पहुंच सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने इस पूरे अभियान की उच्चस्तरीय और नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाइनीज मांझा केवल कानूनन अपराध ही नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों, खासकर बच्चों, दोपहिया वाहन चालकों और पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। >> (06 पर)



**सतर्क :** लापता होने वाली महिलाओं की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा

# दिल्ली में 'लापता लेडीज'






"दिल्ली में जनवरी के पहले 15 दिनों में 807 लोग लापता हुए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा महिलाएं और नाबालिग हैं। आंकड़ों ने सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करने की अपील की है।




तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में लापता लोगों की संख्या को लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से एक आंकड़ा जारी किया गया। पुलिस की ओर से बुधवार जारी इन आंकड़ों के अनुसार शहर में लापता लोगों की संख्या लगभग एक दशक से स्थिर बनी हुई है। 2016 से यह आंकड़ा प्रति वर्ष 23,000 से 24,000 के आसपास रहा है। तेजी से दिल्ली की बढ़ती आबादी के बावजूद कोई खास उछाल नहीं देखने को मिला है। पुलिस के अनुसार 2026 की शुरुआत में लापता लोगों की संख्या में गिरावट देखी गई है। पूर्व के आंकड़ों के अनुसार औसतन प्रति माह लगभग 2,000 लोग लापता होते हैं, वहीं इस साल जनवरी के महीने में 1,777 मामले दर्ज किए गए। 2016 से इन 2 हजार लापता लोगों में से दिल्ली पुलिस ने 1,80,805 लोगों का पता लगाकर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

■ किसी भी व्यक्ति का लापता होना चिंता का विषय है लेकिन इसमें कोई वृद्धि न होना यह दर्शाता है कि चुनौती भले ही बनी हुई है नियंत्रण से बाहर नहीं हुई है।
- देवेश श्रीवास्तव, स्पेशल सीपी (क्राइम)

## यूपीएससी सेवा में रहते हुए बार बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

### रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार

**बदलाव**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिके-शन बुधवार को जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है। आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस ऑथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है।

इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की




■ ये बदलाव यूपीएससी 2026 में पहली बार दिखेंगे

आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, IAS और IFS को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

## अपराधियों की तरह पेश आ रहे भाजपा और उनके सहयोगी, दावे आपत्ति की प्रक्रिया पर रोक की मांग

# एसआईआर के दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगे : अखिलेश

**साज़िश**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । एसआईआर प्रक्रिया के दौरान फार्म 7 के हो रहे दुरुपयोग को लेकर सपा प्रमुख ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पर चुनाव आयोग का झंडा लगा देना चाहिए। गुरुवार को एक के बाद एक एक्सपोस्ट में अखिलेश यादव ने अलग अलग वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय तत्काल संज्ञान ले, क्योंकि और किसी से उम्मीद नहीं बची है।



**भाजपाइयों की धांधली को उनकी होनेवाली हार की हताशा मानें और भाजपाइयों के घपलों के सबूत इकट्ठा करके उनके ख़िलाफ़ एफआईआर की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि जैसे-जैसे पीडीए परिवार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भाजपाई डर रहा है।**

भाजपा और उनके सहयोगी, अपराधियों की तरह पेश आ रहे हैं। वो उप्र के बीएलओ को प्रताड़ित करके, दबाव बनाकर, धमकाकर पीडीए समाज, ख़ासतौर से अल्पसंख्यक समुदाय का वोट फ़र्ज़ी दस्तावेज़ों के आधार पर काटने की साज़िश कर रहे हैं।

एक अन्य पोस्ट में अखिलेश यादव ने भाजपा कार्यालय से फार्म 7 बंटने का वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि अब तो उल्टा ये कहना पड़ेगा कि चुनाव आयोग का कोई झंडा हो तो वो भाजपाइयों के घर पर लगा दे। अब बस यही बचा है कि चुनाव आयोग भाजपाइयों के घर पर बूथ बना दे और भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी। क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है।

अखिलेश यादव यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे लिखा कि प्रशासनिक पर्यायवाची कोष में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। भ्रष्ट-भाजपा शासनकाल में आश्चर्य ये नहीं है कि सरेआम वोट काटने-बढ़ाने का अपराध हो रहा है, आश्चर्य ये है कि संवैधानिक संस्थाओं को ये नज़र नहीं आ रहा है। आज वोट छीनेनवाले कल को जनता का बाक़ी सब भी छीन लेंगे। बाक़ी सब में भाजपाई भी शामिल होंगे, कोई बचेगा नहीं। भाजपाई भी याद रखें कि ठगों का रिश्ता, सिर्फ़ ठगी से होता है और किसी से नहीं। इसे कहते हैं अंधेर नगरी, चौपट आयोग।

### भाजपाइयों की धांधल, उनकी होनेवाली हार की हताशा

अखिलेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए ये भी अपील की है कि देश के ईमानदार पत्रकार और अधिकारी सामने आएं और देश विरोधी ताक़तों से लड़ने में हमारा साथ दें। इसके अलावा उन्होंने पीडीए प्रहरियों से भी अपील की है कि वो हर वैध वोट बनाने-बचाने के कार्य में पूरी मुस्तैदी से लगे रहें।

### दावा आपत्तियों पर तत्काल रोक की मांग

अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि SIR में फ़ार्म 7 के दुरुपयोग को तत्काल रोका जाए और हर वोटर के मत देने के संवैधानिक अधिकार की रक्षा की जाए। BLO से ज़बरदस्ती कर रहे अपराधियों के खिलाफ एफआईआर लिखवाई जाए और फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो। जब तक वैध व्यवस्था न बन जाए, फ़ार्म 7 का इस्तेमाल प्रतिबंधित किया जाए और अब तक जो फ़ार्म 7 जमा हुए हैं, उन सबको रद्द या निरस्त किया जाए। दावा-आपत्ति की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। देश की जनता के वोट काटने के षड्यंत्र के पीछे कौन सी देश विरोधी ताक़तें सक्रिय हैं, इसकी न्यायिक जाँच हो।

# मुस्लिम मतदाताओं के नाम सूची से गायब, हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी



**बोले- बीजेपी कार्यकर्ता ने एसआईआर फार्म भरकर नाम कटवाए, एफआईआर हो**

लखनऊ । लखनऊ में मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों के नाम SIR प्रक्रिया में काटे जाने की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ पर पहुंचकर प्रदर्शन किया।

सरोजनीनगर क्षेत्र के फर्रूखाबाद चिल्लावां गांव के रहने वाले दशरथ कुमार नामक व्यक्ति ने फॉर्म-7 भरकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आपत्ति दर्ज कराई थी। ग्रामीणों के अनुसार, दशरथ कुमार ने बीएलओ रमजान अली को आवेदन देते हुए कई लोगों को मृत या गांव का निवासी न होने का दावा किया था।

बीएलओ द्वारा संबंधित लोगों को फोन कर सत्यापन किए जाने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथ पर पहुंचे और अपने नाम काटे जाने पर विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि दशरथ कुमार खुद चिल्लावां गांव का स्थायी निवासी नहीं है, बल्कि गांव का दामाद है और वह अधिकांश लोगों को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता। इसके बावजूद उसने एक ही समुदाय के लगभग 100 से अधिक लोगों के नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 जमा कर दिया, जिससे गंभीर सवाल खड़े होते हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है।

# बालिकाओं को डिजिटल आसक्ति से बचाने की आवश्यकता : बबीता सिंह

## बालिकाओं की सुरक्षा हेतु प्राथमिक कक्षाओं में मोबाइल पर रोक

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने जनपद गाजियाबाद में तीन सगी बहनों द्वारा आत्महत्या की अत्यन्त दुःखद एवं हृदयविदारक घटना को गम्भीरता से संज्ञान में लेते हुए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन एवं डिजिटल माध्यमों के दुष्प्रभावों पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए प्राथमिक कक्षाओं में मोबाइल-आधारित शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बबिता सिंह चौहान ने पत्र में बताया कि प्रथम दृष्ट्या उपलब्ध तथ्यों के अनुसार उक्त घटना की पृष्ठभूमि में मोबाइल फोन पर गेम खेलने की लत तथा पिता द्वारा इसके विरोध को प्रमुख कारण बताया गया है। यह घटना न केवल एक परिवार की अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज एवं शैक्षणिक व्यवस्था के लिये गम्भीर चेतावनी भी है।



**डिजिटल लत से बच्चों की सुरक्षा हेतु डॉ. बबीता सिंह चौहान ने सभी जिलाधिकारियों को लिखा पत्र**

**शिक्षा के नाम पर लापरवाही नहीं : बालिकाओं को डिजिटल आसक्ति से बचाने की आवश्यकता -डॉ बबिता सिंह चौहान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग**

यह निर्विवाद तथ्य है कि कोरोना काल में लॉकडाउन की अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्कूलों द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था की गई थी। किन्तु वर्तमान में सामान्य परिस्थितियाँ होने के उपरान्त भी अनेक स्कूलों द्वारा बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से मोबाइल फोन पर भेजी जा रही हैं। इसके फलस्वरूप बच्चों के हाथ में निरन्तर मोबाइल उपलब्ध रहने की स्थिति बन गई है।

## यूपी का 'फार्मा-रेडी' मिशनः ललितपुर और नोएडा में 2,000 एकड़ जमीन पर विकसित होंगे अत्याधुनिक पार्क

# ललितपुर और नोएडा बनेंगे ग्लोबल फार्मा हब

- इंफ्रास्ट्रक्चर से इनोवेशन तकः 'फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' ने यूपी को देश के अगले दवा निर्माण केंद्र के रूप में किया स्थापित
- उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों की मजबूत निवेश रुचि से उत्तर प्रदेश का फार्मा क्षेत्र प्राप्त कर रहा है नई गति

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित 'फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' में देश-दुनिया के दिग्गज दवा निर्माताओं, नीति-निर्धारकों और निवेशकों ने राज्य के औद्योगिक भविष्य का रोडमैप तैयार किया। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडस्ट्री लीडर्स के साथ कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए यूपी को फार्मा विनिर्माण और हेल्थकेयर नवाचार का नया केंद्र घोषित किया। मंथन के दौरान विशेषज्ञों ने माना कि बेहतर कानून-व्यवस्था, सुदृढ़ शासन और प्रगतिशील नीतियों के दम पर उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए सबसे अनुकूल और 'बिजनेस-फ्रेंडली' राज्य बनकर उभरा है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य राज्य को दवाओं के विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाकर वैश्विक पटल पर स्थापित करना है।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मा कॉन्क्लेव के सुझावों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया कि रेड और ऑरेंज श्रेणी की बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां अब नोएडा के साथ ललितपुर में उपलब्ध विशाल भूमि का लाभ उठा सकेंगी।

राज्य सरकार यूपीसीडा (UPSIDA) के माध्यम से ललितपुर में एक 'फ्यूचर-रेडी' फार्मा इकोसिस्टम विकसित कर रही है। इसके प्रथम चरण (Phase-I) में 352.91 एकड़ क्षेत्र में फॉर्मुलेशन इकाइयों, बल्क ड्रग्स और कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर का काम युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, द्वितीय चरण (Phase-II) के तहत 1,465 एकड़ के विकास के लिए 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' (EOI) पहले ही जारी किया जा चूका है। इसी इकोसिस्टम को मजबूती देते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मौजूदा मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट सेक्टर-7 में 250 एकड़ फार्मा फॉर्मुलेशन पार्क प्रस्तावित है, जो सुदृढ़ निर्यात कनेक्टिविटी के साथ उत्तर प्रदेश को उत्तर भारत के प्रमुख हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा।

**सीएम योगी ने फार्मा पार्क के विस्तार को दी हरी झंडी**

### रिसर्च, टैलेंट और इनोवेशन समर्थन

फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 ने मजबूत रिसर्च एवं इनोवेशन बैकबोन के निर्माण के महत्व को प्रभावी रूप से रेखांकित किया। अग्रणी वैज्ञानिकों और संस्थागत प्रतिनिधियों -जिनमें डॉ. राधा रंगराजन (सीडीआरआई), प्रो. शुभिनी ए. सराफ (नाइपर रायबरेली), डॉ. नीमा मिश्रा (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स) तथा डॉ. सीमा पाई (आईएस-सीआर) सम्मिलित थीं, ने राज्य में वैज्ञानिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने संबंधी महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

इस कॉन्क्लेव में अग्रणी फार्मा कंपनियों की सशक्त भागीदारी देखने को मिली, जिसने उत्तर प्रदेश में परिचालन विस्तार के प्रति उद्योग की बढ़ती रुचि को रेखांकित किया। हितधारकों ने विकास, निवेश और साझेदारियों पर विचार-विमर्श करते हुए राज्य को एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में पुनः स्थापित किया।

### स्कूली बच्चों के अपहरण की कोशिश

मोहनलालगंज । मोहनलालगंज के सोहावा गांव में स्कूली बच्चों के अपहरण का प्रयास किया गया। चोरी की कार से आए बदमाशों ने बच्चों को अगवा करने की कोशिश की, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घबराए बच्चे अपनी साइकिलें छोड़कर गांव की ओर भागे और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों को घेर लिया, लेकिन वे बातों में उलझाकर फरार होने में सफल रहे। घटना बुधवार सुबह की है। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। गुरुवार को ग्रामीणों की नाराजगी के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की छानबीन शुरू की। ग्रामीण हसरत अली के अनुसार, गुरुवार सुबह बच्चे गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित पूर्व प्राथमिक विद्यालय जैती खेड़ा बाग के रास्ते, नहर के माइनर के सहारे स्कूल जा रहे थे। तभी एक सफेद रंग की कार में सवार चार बदमाश वहां पहुंचे।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर संचालित होगा अभियान

# 'योगी सरकार की पहल से दिव्यांगजन बनेंगे आत्मनिर्भर'

- शुरू होगा 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0'
- अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने वाले शीर्ष 05 जनपदों को मिलेगा प्रशस्ति-पत्र

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और ठोस पहल करने जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में 06 से 13 फरवरी 2026 तक "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योगी सरकार की यह पहल दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजीविका, आत्मनिर्भरता और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षित ऐसे अर्ह एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, जो वर्तमान में जनपदों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इस अभियान का लाभ ले सकेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत इच्छुक दिव्यांगजनों को भी इस अभियान में सम्मिलित किया जाएगा।



**06 से 13 फरवरी 2026 तक प्रदेशभर में चलेगा दिव्यांगजन रोजगार एवं स्व-रोजगार विशेष अभियान**

**कौशल विकास मिशन और आईटीआई से प्रशिक्षित दिव्यांगजनों को मिलेगा सेवायोजन का अवसर**

**एमएसएमई एवं स्व-रोजगार योजनाओं से जोड़े जाएंगे इच्छुक दिव्यांगजन**

### दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा

दिव्यांगजन रोजगार अभियान के दौरान जनपदों में संचालित औद्योगिक इकाइयों एवं अन्य अधिष्ठानों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष दिव्यांगजनों का सेवायोजन कराया जाएगा। इसके अलावा एमएसएमई, जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र तथा अन्य विभागों की स्व-रोजगार योजनाओं से भी दिव्यांगजनों को जोड़ा जाएगा। हर जनपद में यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला रोजगार सहायता अधिकारी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक शामिल होंगे। निर्धारित अवधि में राजकीय आईटीआई को केंद्र बनाकर सेवायोजन एवं स्व-रोजगार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### विकसित भारत- जी राम जी के बारे जागरूकता पैदा करने हेतु चौपाल पे चर्चा



तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विकसित भारत -जी राम जी एक्ट के मुख्य प्रावधानों और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष जानकारी सत्र चौपाल पे चर्चा/ सरोवर संवाद आयोजित किए जाने की निर्देश सम्बन्धित अधिकारियो को दिए गए हैं। इस संबंध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अमृत सरोवर स्थलों पर चौपाल पे चर्चा /सरोवर संवाद का आयोजन कराया जाए। ग्रामीणों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति परिवारों,ग्रामीण श्रमिकों महिलाओं और कमजोर समूह की सक्रिय भागीदारी इसमें सुनिश्चित की जाए तथा कार्यवाही का दस्तावेजीकरण किया जाए। पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से टाइमस्टैम्प्ड जिओ-टैग्ड तस्वीरों और वीडियोग्राफ के साथ विवरण / कार्यवाही को रियल टाइम अपलोड किया जाए।

## दुर्घटना : महिला को दौड़ाकर काटा, बोलीं- नगर निगम अफसर कहते हैं अपनी सुरक्षा स्वयं करें

# कुत्तों ने नोंचकर मांस के लोथड़े निकाले

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में आवारा कुत्तों ने एक महिला को दौड़ाकर नोंचा। महिला के पैर में गहरे जख्म हो गए। 2 जगह से मांस के लोथड़े निकल आए। उनका उपचार चल रहा है। मामले की नगर निगम में शिकायत हुई है।

घटना 4 फरवरी, बुधवार को इस्मालगंज द्वितीय वार्ड की शिवपुरी कॉलोनी, कमता में हुई। महिला की पहचान सोना देवी के रूप में हुई है। आज, गुरुवार को घटना की CCTV फुटेज सामने आई है। उसमें कुत्ते महिला को दौड़ाकर नोंचते दिख रहे हैं। शिवपुरी कॉलोनी, कमता में सोना देवी परिवार के साथ रहती हैं। वह 2 फरवरी को मेडिकल स्टोर से लौट रही थीं। इस दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने उन्हें दौड़ा लिया। वह डरकर चिल्लाती हुई भागीं, लेकिन कुत्ते दौड़ाते रहे। कुछ दूरी पर वह सड़क पर गिर गईं। कुत्तों ने उन्हें नोंचना शुरू कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास की महिलाएं और अन्य लोग आ गए, तब कुत्तों ने उन्हें छोड़ा। इसके बाद एक अन्य कुत्ता दूसरी ओर से उन्हें काटने आया, लेकिन लोगों ने उसे भगा दिया। कुत्तों ने महिला को कई जगहों पर नोंचा है, लेकिन उनके पैर में 2 जगह गहरे जख्म हुए हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया।



पैर में गहरे जख्म हो जाने की वजह से महिला को चलने में दिक्कत हो रही है।

### अचानक कुत्तों ने हमला किया

सोना देवी ने बताया- मैं घर से दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर गई थी। वहां पर दवा नहीं मिली। पैदल ही घर लौट रही थी। रास्ते में दो कुत्ते सो रहे थे। इस दौरान मेरी दो सहेलियां मिल गईं। मैंने उनसे पूछा कि आप लोग हरिद्वार जा रहे हैं।

इसी बीच कार के नीचे बैठे कुत्ते ने उन्हें दौड़ा लिया। वह डरकर भागीं। रास्ते में सो रहे दोनों कुत्ते भी उनके पीछे पड़ गए। तीनों कुत्तों ने करीब 30 मीटर तक दौड़ाया। मैं सड़क पर गिर गई। तीनों ने मिलकर मुझे नोंचा। गनीमत रही कि मेरी सहेलियां और अन्य लोग आ गए तो कुत्ते भागे।



### 'नगर निगम ने कहा अपनी सुरक्षा स्वयं करें'

सोना देवी ने कहा- कॉलोनी में कुत्तों की समस्या है। इसकी नगर निगम में 10 बार शिकायत की जा चुकी है। नगर निगम के अधिकारी कह रहे हैं कि कुत्तों का वैक्सीनेशन हो चुका है। आप लोग अपनी सुरक्षा स्वयं करें। सोना देवी ने कहा कि कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कॉलोनी के लोग डर के साये में जी रहे हैं।

# पशुपालकों को सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए खुलेंगे पशु औषधि केन्द्र

## प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर प्रत्येक विकास खण्ड में स्थापित होंगे केन्द्र

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । शुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर पशु औषधि केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक पशु औषधि केन्द्र खोला जाएगा, जिससे पशुपालकों को पशुओं के उपचार हेतु दवाएं किफायती दरों पर सुलभ हो सकें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पशु औषधि केन्द्र खोलने के लिए आवेदन करने वाले आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान हेतु न्यूनतम 120 वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।




उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों से जुड़े योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) के अंतर्गत संचालित की जाएगी।

पशु औषधि केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को 5000 रूपये का शुल्क अदा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि पशु औषधि केन्द्रों की स्थापना से पशुपालकों को समय पर सस्ती दवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे पशुधन स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ पशुपालन को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकेगा।

## डीएम के निर्देश पर पुलिस केस, निरीक्षण में उजागर हुई थीं गंभीर खामियां

# कॉलेज प्राचार्य पर दर्ज हुआ मुकदमा

**निर्देश**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। एलएलबी परीक्षा में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। मंगलवार को तमसा संकेत में प्रकाशित खबर के बाद अकबरपुर स्थित बीएनकेवी पीजी कॉलेज की प्राचार्य शुचिता पांडेय के खिलाफ अकबरपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार की तहरीर के आधार पर की गई है। बीएनकेवी पीजी कॉलेज में एलएलबी की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जहां छह लॉ कॉलेजों के कुल 1663 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इनमें सीबी सिंह लॉ कॉलेज, ठाकुर दीप नारायण सिंह स्मारक लॉ कॉलेज, शिवम कॉलेज ऑफ लॉ, एसएसबी सिंह लॉ कॉलेज, राम अवध स्मारक लॉ कॉलेज और फूला देवी चंद्रधर मिश्रा लॉ कॉलेज शामिल हैं।




**औचक निरीक्षण में खुली थी परीक्षा व्यवस्था की पोल**

**पहले भी सामने आई थी लापरवाही**

**प्राचार्य पर लापरवाही का आरोप**

**एलएलबी परीक्षा अनियमितता मामले में बड़ी कार्रवाई**

2 फरवरी को एसडीएम सदर द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित पाई गई थी। टीन शेड में बने परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे। कक्ष संख्या 03 के सामने लगी गैलरी में स्थापित कैमरे धुंधले पाए गए, जिससे निगरानी व्यवस्था निष्प्रभावी नजर आई। इससे पहले निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया था कि संबंधित लॉ कॉलेजों से जुड़े कक्ष निरीक्षक परीक्षा केंद्र पर तैनात थे। निरीक्षण टीम को देखते ही दो कक्ष निरीक्षक मौके से भाग गए थे, जिससे पूरे मामले की गंभीरता और बढ़ गई थी। ड्यूटी रजिस्टर के अवलोकन और निरीक्षण में मिली अनियमितताओं से यह स्पष्ट हुआ कि केंद्राध्यक्ष के रूप में प्राचार्य शुचिता पांडेय ने परीक्षा केंद्र पर हो रही गड़बड़ियों की अनदेखी की। प्रशासनिक रिपोर्ट में इसे गंभीर लापरवाही माना गया।

जिलाधिकारी के 4 फरवरी के निर्देश और उपजिलाधिकारी अकबरपुर के आदेश के क्रम में नायब तहसीलदार को प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत अकबरपुर थाने में प्राचार्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**सिटिंग प्लान ध्वस्त, झुंड में बैठे मिले परीक्षार्थी**

निरीक्षण के दौरान सिटिंग प्लान मानक के अनुरूप नहीं मिला। एक-एक मेज पर आठ से दस परीक्षार्थी आमने-सामने समूह में बैठकर परीक्षा देते पाए गए। निरीक्षण टीम के पहुंचते ही परीक्षार्थियों ने सीट बदलने का प्रयास किया, लेकिन केंद्र पर निर्धारित मानकों के अनुसार बैठने की व्यवस्था ही मौजूद नहीं थी।

**कक्ष निरीक्षकों के अभिलेख अधूरे**

परीक्षा केंद्र पर तैनात कक्ष निरीक्षकों और आंतरिक सचल दल से संबंधित कोई भी पूर्ण अभिलेखीय विवरण उपलब्ध नहीं था। ड्यूटी रजिस्टर में प्रथम पाली के लिए 43 कक्ष निरीक्षकों के नाम और हस्ताक्षर दर्ज मिले, लेकिन उनकी तैनाती और निगरानी से जुड़ी स्पष्ट जानकारी नहीं पाई गई। इससे परीक्षा संचालन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए।

# लाखों की लागत से बना कूड़ा निस्तारण केंद्र शोपीस

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद के अकबरपुर विकासखंड की संजरपुर ग्राम पंचायत में लाखों रुपये की लागत से निर्मित कूड़ा निस्तारण केंद्र अपने उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है। गांव को स्वच्छ रखने के लिए बनाया गया यह केंद्र अब तक संचालित नहीं हो सका, जिससे यह केवल शोपीस बनकर रह गया है।

कूड़ा निस्तारण केंद्र के चालू न होने का सीधा असर गांव की सफाई व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। संजरपुर ग्राम पंचायत में गलियों, खाली भूखंडों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। कई स्थानों पर कचरा लंबे समय से जमा होने के कारण दुर्गंध फैल रही है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि




कचरे के ढेरों से मच्छर, मक्खी और अन्य कीट पनप रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। बरसात और गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है, लेकिन इसके बावजूद कूड़ा निस्तारण केंद्र को शुरू कराने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन इसके संचालन के लिए न तो सफाई-कर्मियों की तैनाती हुई और न ही कचरा संग्रहण की नियमित व्यवस्था बनाई गई। घर-घर से कचरा उठाने और उसे निस्तारण केंद्र तक पहुंचाने की योजना कागजों तक सीमित नजर आ रही है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कूड़ा निस्तारण केंद्र का उपयोग न होना ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते केंद्र को संचालित किया जाता तो गांव में गंदगी की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कूड़ा निस्तारण केंद्र को तत्काल प्रभाव से चालू कराया जाए, पर्याप्त सफाई-कर्मियों की नियुक्ति हो और नियमित कचरा प्रबंधन व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए इस केंद्र की निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तव में ग्रामीणों तक पहुंच सके।

**फास्ट न्यूज**

### प्रयागराज में होटल मालिक की बीच सड़क पर पिटाई

प्रयागराज। प्रयागराज में एक होटल मालिक की आधी रात सड़क पर बेरहमी से पिटाई कर दी गई। 4 लोगों ने पहले लात-घूंसे और थप्पड़ मारे। इसके बाद ईंट से हमला किया गया। साथ उनकी ढाई तोले की सोने की चेन भी छीन ली। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बीच सड़क पर लोग पिटाई करते दिख रहे है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने पकड़े डुप्लीकेट वोट

वाराणसी । वाराणसी के शहर उत्तरी के विधायक और स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने गुरुवार की शाम SIR पर उठाए। एसआईआर के पहले चरण के बाद उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर वाराणसी में अपनी विधानसभा में 9 हजार 200 नाम डुप्लीकेट होना बताया है। कुल मतदाताओं का 11 प्रतिशत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की चाल से वाराणसी में वोट जिहाद का काम चल रहा है। मंत्री ने कई महिलाओं के नाम भी बताए, जो 30 से 40 वर्ष की आयु पार कर चुकी हैं और अपने पिता के नाम से वोटर बनी हुई हैं।

### तीन अधिवक्ताओं को बंधक बनाकर मारपीट

प्रयागराज। प्रयागराज के सिविल लाइन्स में एक टायर शोरूम में क्लेम के तहत टायर लेने पहुंचे तीन अधिवक्ताओं को बंधक बनाकर मारपीट की गई। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों समेत कई अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता अजय कुमार बताया कि बुधवार की शाम करीब 5 बजे वह सिविल लाइन्स स्थित एमआरएफ टायर शोरूम (आटो सेल्स चौराहा) में क्लेम के तहत दिया गया टायर लेने पहुंचे थे।

## पेंशन घोटाला: मृतक के नाम पर 9 माह तक निकली राशि

### ग्राम पंचायत अधिकारी आरोपी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जिले में वृद्धावस्था पेंशन योजना में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। कटेहरी विकास खंड के ग्राम प्रतापपुर चमुर्खा में एक वृद्ध की फरवरी 2024 में मृत्यु हो गई थी, लेकिन आधिकारिक रिकॉर्ड में उसे जीवित दर्शाया जाता रहा। परिणाम-स्वरूप मृतक के नाम पर लगातार 9 महीने तक पेंशन की राशि निकाली गई। सूत्रों के अनुसार फरवरी में मृत्यु होने के बावजूद अक्टूबर में जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया गया। इस अवधि में पेंशन नियमित रूप से खाते में आती रही। जांच में सामने आया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी गौरव कुमार ने मृत्यु की सूचना उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंचाई, जिससे पेंशन भुगतान बंद नहीं हो सका।

प्राथमिक जांच में ग्राम पंचायत



अधिकारी गौरव कुमार की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि उन्होंने जानबूझकर रिकॉर्ड अपडेट नहीं किया और मृतक के परिजनों के साथ समन्वय बनाकर पेंशन जारी रखी। प्रशासनिक स्तर पर इसे गंभीर लापरवाही और संभावित वित्तीय अनियमितता माना जा रहा है।

मामले में यह तथ्य भी सामने आया है कि 9 महीनों की पेंशन राशि को सीधे बैंक लोन में समायोजित कर दिया गया। इससे बैंक प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना मृत्यु सत्यापन के लोन एडजस्टमेंट कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

# नि:शुल्क मेडिकल कैंप सैकड़ों लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। कस्बा जलालपुर में बुधवार को हजरत इमाम मेहंदी (अ.स.) यौमे विलादत के अवसर पर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आई.एम. होप एजुकेशनल ट्रस्ट एंड वेलफेयर सोसाइटी की पहल पर मेदांता अस्पताल और नोबेलरे सोसाइटी के सहयोग से आयोजित हुआ। कैंप में ग्रामीण, कस्बाई और शहरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, टीबी जांच, एक्स-रे सहित विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की। मरीजों को निःशुल्क परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय सुझाव भी दिए गए।




आयोजन स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ रही।

आई.एम. होप एजुकेशनल ट्रस्ट एंड वेलफेयर सोसाइटी के सदर फैजान मेहंदी ने कहा कि सभी जाति और धर्म के गरीब, बेसहारा, बेवा महिलाओं और यतीम बच्चों की सेवा ही असली इंसानियत है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद से ही सामाजिक संतुलन बना रहता है।

जानिसार हुसैन ने सामाजिक जागरूकता को विकास की नींव बताया। मौलाना सुहैल असगर ने कहा कि बीमार और असहाय लोगों की मदद सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी है। मौलाना मोहम्मद अब्बास रिज़वी ने शिक्षा और स्वास्थ्य को समाज की रीढ़ बताया।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ख्वाजा शिफाअत हुसैन, चेयरमैन अल इमाम चैरिटेबल ट्रस्ट, ने कहा कि निःशुल्क मेडिकल कैंप के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने आई.एम. होप संस्था के कार्यों की सराहना की।**

## उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण अनिवार्य

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। सर्वे कमिश्नर वक्फ उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर उम्मीद केंद्रीय पोर्टल 2025 पर वक्फ संपत्तियों का विवरण अनिवार्य रूप से फीड कराया जाना है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण, लखनऊ के आदेश दिनांक 10 दिसंबर 2025 के तहत पंजीकरण की समय-सीमा में छह माह का विस्तार किया गया है। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, सत्यापन और स्वीकृति के लिए स्पष्ट समय-सारिणी जारी की गई है। इसके तहत मुतवल्ली द्वारा संपत्ति का विवरण पोर्टल पर दर्ज करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद वक्फ बोर्ड स्तर पर दर्ज विवरण की जांच की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2026 तय की गई है। जांच उपरांत वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों को स्वीकृत करने की अंतिम तिथि 5 जून 2026 रखी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी चोटेलाल ने जनपद अम्बेडकर नगर के सभी मुतवल्ली, प्रबंधक समितियों और प्रशासकों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय के भीतर उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का विवरण फीड कराना सुनिश्चित करें। बताया गया कि वर्तमान में अंतिम तिथि में बेहद कम समय शेष है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन वक्फ संपत्तियों का विवरण 15 फरवरी 2026 तक पोर्टल पर दर्ज नहीं किया जाएगा, उसके लिए संबंधित मुतवल्ली अथवा प्रबंधन समिति पूरी तरह उत्तरदायी होगी। आगे की कार्रवाई वक्फ बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पक्षों से समयबद्ध कार्रवाई करने और वक्फ संपत्तियों के डिजिटल रिकॉर्ड को अद्यतन करने में सहयोग की अपील की है।

# पुलिस की बड़ी सफलता

## 111 गुमशुदा मोबाइल बरामद, धारकों को सौंपे जा रहे फोन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस की मोबाइल रिकवरी सेल ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आमजन द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदा मोबाइल की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 111 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई जा रही है।

सर्विलांस सेल के अथक प्रयास

पुलिस कार्यालय में गठित मोबाइल रिकवरी सेल (सर्विलांस सेल) द्वारा लगातार तकनीकी निगरानी और फील्ड स्तर पर कार्रवाई की गई। टीम ने अलग-अलग स्थानों से मोबाइल फोन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई बीते कई दिनों से निरंतर चल रही थी, जिसका परिणाम अब सामने आया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कहा कि आमजन की सुविधा और विश्वास पुलिस की प्राथमिकता है। गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल को लगातार सक्रिय रखा गया है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बेहतर उपयोग से न सिर्फ अपराध नियंत्रण में मदद मिल रही है, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी संभव हो रहा है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल धारकों से अपील की कि वे अपने मोबाइल फोन में प्ले-स्टोर से 'संचार साथी' एप डाउनलोड करें, जिससे भविष्य में मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में जरूरी सूचनाएं समय पर मिल सकें।

पुलिस ने बताया कि यदि किसी का मोबाइल फोन खो जाता है तो वह मोबाइल का बिल, आईएमईआई नंबर, आधार कार्ड और पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने पर जाकर सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए। इससे मोबाइल के मिलने की संभावना बढ़ जाती है।



**गुमशुदा मोबाइल धारकों को सूचना**

बरामद किए गए सभी 111 मोबाइल फोन के संबंध में उनके वास्तविक धारकों को सूचना दे दी गई है। गुरुवार को पुलिस कार्यालय पर मोबाइल धारकों को बुलाकर उनके फोन सौंपे जा रहे हैं। मोबाइल प्राप्त कर लोगों के चेहरे पर संतोष और राहत देखी गई।

# 2.5 करोड़ की ठगी, बैंक कर्मी और बीमा एजेंट पर मुकदमा

## पीएनबी छज्जापुर शाखा से जुड़ा मामला, 50 से अधिक खाताधारक प्रभावित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले के टाण्डा नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की छज्जापुर शाखा से जुड़ा एक बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। बीमा और फिक्स्ड डिपॉजिट के नाम पर करीब 2.5 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने का आरोप है। इस मामले में बैंक के एक कर्मी और एक बीमा एजेंट की मिलीभगत उजागर हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ितों के अनुसार, ठगी का शिकार हुए अधिकतर लोग वे हैं, जिन्हें एनटीपीसी टाण्डा परियोजना के तहत जमीन अधिग्रहण के बदले मुआवजा मिला था। भविष्य की सुरक्षा के लिए इस रकम को बैंक में निवेश किया गया। आरोप है कि बीमा एजेंट ने भरोसा दिलाकर फर्जी एफडी




और बीमा पॉलिसी के बांड थमा दिए। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें जो दस्तावेज दिए गए, वे बैंक और बीमा कंपनी के रिकॉर्ड में मौजूद ही नहीं थे। कई लोगों को मासिक भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक साल तक कोई राशि नहीं मिली। एक पीड़ित के मुताबिक, आठ लाख रुपये 15 चेक के माध्यम से लिए गए और हर महीने आठ हजार रुपये देने का वादा किया गया था, जो पूरा नहीं हुआ। सुनीता समेत एक दर्जन से अधिक लोगों से पांच-पांच लाख रुपये की ठगी का आरोप है। जब पीड़ितों ने एजेंट से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल बंद मिला। न वह अपने घर पर मिला और न ही कार्यालय में। पीड़ितों की तहरीर पर टाण्डा कोतवाली पुलिस ने बैंक कर्मी और बीमा एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसपी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की संपत्तियों को कुर्क कर पीड़ितों की रकम वापस कराने की कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ठगे गए पैसों से विदेश यात्राएं करता रहा और लग्जरी जीवन जीता रहा।

# श्रवण धाम महोत्सव में महिला सशक्तिकरण का संदेश

## महिला पुलिस और छात्रों ने किया नुक्कड़ नाटक

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। श्रवण धाम महोत्सव के अवसर पर महिला सशक्तिकरण और जन-जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत महिला पुलिस कर्मियों और स्कूली बच्चों ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर महिला सुरक्षा, अधिकारों और पुलिस सहायता प्रणाली की जानकारी दी।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मिशन शक्ति केंद्र और मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला संबंधी अपराधों पर पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई को दर्शाया गया। प्रस्तुति में आपात स्थिति में डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा मिशन




शक्ति केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सहायता की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट रूप से बताया गया।

नाटक के दौरान यह दिखाया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में महिलाएं किस प्रकार पुलिस से तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। प्रस्तुति का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सचेत करना रहा।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाली महिला पुलिस कर्मियों और स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सामाजिक जागरूकता में उनके योगदान की सराहना की।

**समस्या :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम का अभियान सवालों के घेरे में, हजारों उपभोक्ता बिना बिल के परेशान

# स्मार्ट मीटर बने परेशानी की वजह

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। विद्युत चोरी रोकने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से जिले में चलाए जा रहे स्मार्ट मीटर अभियान के बाद हजारों उपभोक्ताओं को समय से बिजली बिल नहीं मिल पा रहा है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

घरों और प्रतिष्ठानों में पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सामान्य मीटर के दौरान हर माह नियमित रूप से बिजली बिल मिल जाता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिल ही नहीं मिल रहा है। इससे न तो उपभोक्ता समय पर भुगतान कर पा रहे हैं और न ही सही स्थिति की जानकारी मिल पा रही है। बिजली बिल न मिलने से परेशान उपभोक्ता यह नहीं समझ पा रहे हैं कि शिकायत कहां और कैसे दर्ज कराएं। बीते दो माह में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की 1912 हेल्पलाइन पर बिजली बिल से संबंधित 92 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। शहजानपुर निवासी उमेश तिवारी और अंकित शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद पिछले दो माह से बिजली बिल नहीं आया है। शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अभी तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। अचानक अधिक बिल आने की आशंका से उपभोक्ता चिंतित हैं।



**"उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि एक साथ कई माह का बिल आया तो भुगतान करना मुश्किल हो जाएगा। लगातार विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद समाधान नहीं मिल पा रहा है। इससे जहां उपभोक्ताओं पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है, वहीं विभाग के राजस्व पर भी असर पड़ रहा है।**

**जिले में 38 हजार स्मार्ट मीटर, चार हजार उपभोक्ता बिना बिल**

अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन से जुड़े शहरों, बाजारों और सरकारी कार्यालयों में अब तक करीब 38 हजार घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इनमें से 22 हजार कनेक्शन प्रीपेड में तब्दील हो चुके हैं। इसके बावजूद लगभग चार हजार उपभोक्ताओं को दिसंबर और जनवरी बीत जाने के बाद भी फरवरी माह तक बिजली का ऑनलाइन बिल उपलब्ध नहीं हो सका है।

**मुख्यालय स्तर पर तकनीकी समस्या**

इस संबंध में अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर स्मार्ट मीटर के बिजली बिल फीडिंग सिस्टम में तकनीकी समस्या आ रही है। इसे जल्द दूर किया जा रहा है और समस्या सामने आते ही उसका निस्तारण कराया जा रहा है। जल्द ही उपभोक्ताओं को नियमित रूप से स्मार्ट मीटर का बिजली बिल उपलब्ध होने लगेगा।

# सम्पादकीय

## कांग्रेस को रास नहीं आया भारत-अमेरिका व्यापार समझौता



जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। कांग्रेस को अमेरिका के साथ होने वाला व्यापार समझौता भी रास नहीं आया। जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत से कम कर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की, वैसे ही कांग्रेस ने आपत्तियां उठानी शुरू कर दीं। यह सही है कि व्यापार समझौते संबंधी ट्रंप की पोस्ट से कुछ सवाल उभर रहे थे, लेकिन इन सवालों का जवाब मांगने के स्थान पर कांग्रेस नेता इस नतीजे पर पहुंच गए कि प्रधानमंत्री मोदी मजबूरी के कारण इस समझौते पर सहमत हो गए।

राहुल गांधी ने तो यह कहने में भी संकोच नही किया कि प्रधानमंत्री ने किसानों की मेहनत को बेच दिया। कांग्रेस को इस समझौते को लेकर बनी सहमति पर आपत्ति उठाने की इतनी जल्दी थी कि उसने न तो यह देखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट पर भारतीय प्रधानमंत्री की पोस्ट क्या कह रही है और न ही वाणिज्य मंत्री के जवाब की प्रतीक्षा की।

जब वाणिज्य मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि व्यापार समझौते में कृषि एवं डेरी क्षेत्र में भारत के हितों की सुरक्षा होगी और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भी इसकी पुष्टि कर दी तो कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा, फिर भी उसने यह कहना शुरू कर दिया कि सरकार की ओर से इस बारे में संसद में जानकारी क्यों नहीं दी गई। हालांकि वाणिज्य मंत्री ने उन परिस्थितियों का उल्लेख किया, जिनके चलते वे संसद में चाहकर भी बयान नहीं दे सके, लेकिन कांग्रेस को संतोष नहीं। कांग्रेस की ओर से अमेरिका के साथ होने जा रहे व्यापार समझौते पर सवाल उठाने का सिलसिला कायम है। उसके साथ-साथ कुछ अन्य विपक्षी दल भी ऐसा ही कर रहे हैं। सामान्य समझ यह कहती है कि किसी भी समझौते या सहमति पर सवाल उठाने से पहले उसका विवरण सामने आने की प्रतीक्षा की जाए, लेकिन आज की भारतीय राजनीति में इस समझ के लिए स्थान शून्य होता जा रहा है।

इसके स्थान पर विरोध के लिए विरोध का झंडा उठाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। वैसे तो हर दल विपक्ष में रहते समय इसी प्रवृत्ति का परिचय देता है, लेकिन शायद कांग्रेस ने इसमें महारत हासिल कर ली है। इसी कारण उसकी आलोचना-निंदा चर्चा में तो आ जाती है, लेकिन वह न तो कोई प्रभाव छोड़ती है, न किसी सार्थक बहस को जन्म देती है और न ही सत्तापक्ष को अपने रुख-रवैये पर विचार को बाध्य करती है।

विडंबना यह है कि चुनाव दर चुनाव पराजय के बाद भी कांग्रेस यह समझने को तैयार नहीं कि विपक्ष का काम केवल खोखली आलोचना करना या फिर सनसनीखेज आरोप उछालना भर नहीं है। सरकार के हर फैसले का हर हाल में विरोध करने की कांग्रेस की आदत इतनी अधिक बढ़ गई है कि वह तर्कों और तथ्यों से भी परे रहने लगी है।

## इस्लामिक जगत में बदलते समीकरण, भारत को सतर्क रहना होगा

पश्चिम और दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना इस समय एक गहरे, लेकिन अपेक्षाकृत शांत परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। इसके मूल में विचारधारा से अधिक भू-राजनीतिक यथार्थ, आर्थिक गणनाएं और क्षेत्रीय शक्तियों की बढ़ती आत्मनिर्भरता है। अमेरिका की घटती सुरक्षा भूमिका, यूरोप की आंतरिक विभाजित स्थिति और वैश्विक शक्ति संतुलन में हो रहे बदलावों ने क्षेत्रीय देशों को अपनी सुरक्षा जिम्मेदारी स्वयं संभालने के लिए प्रेरित किया है।

लंबे समय तक पश्चिम एशिया की सुरक्षा व्यवस्था अमेरिकी नेतृत्व और गारंटी पर आधारित रही, किंतु ट्रंप के कार्यकाल के बाद से अमेरिका की नीति अधिक लेन-देन आधारित और अनिश्चित होती गई है। इससे पारंपरिक सहयोगी देशों को यह महसूस होने लगा कि संकट के समय अमेरिकी हस्तक्षेप स्वतःस्फूर्त नहीं रहेगा। यूरोप भी यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा संकट के कारण इस क्षेत्र में प्रभावी सुरक्षा भूमिका निभाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में क्षेत्रीय शक्तियां वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्थाओं की तलाश में हैं। इस बदलते परिदृश्य में एक धारा पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच उभरती निकटता के रूप में दिखाई देती है, जिसे 'इस्लामिक नाटो' भी कहा जा रहा है। पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब के साथ रक्षा सहयोग रखता आया है, किंतु हालिया वर्षों में इस संबंध को व्यापक रणनीतिक ढांचे में बदलने का प्रयास तेज हुआ है। उसकी कोशिश है कि सऊदी संसाधनों और तुर्किये की रक्षा तकनीक के साथ मिलकर एक ऐसा सुरक्षा समूह बनाया जाए, जो अमेरिका पर निर्भरता कम कर सके। हालांकि इस प्रस्तावित धुरी की मजबूती उतनी नहीं है, जितनी उसकी राजनीतिक बयानबाजी से प्रतीत होती है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और उसकी क्षेत्रीय विश्वसनीयता सीमित होती जा रही है। भारत के साथ उसका संघर्ष केवल भू-क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैचारिक भी है, जिसे उसकी सैन्य स्थापना अब भी 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' के रूप में जीवित रखे हुए है।

**- आनंद कुमार**

# एक 'ऐतिहासिक सफलता' यां 'राजनीतिक संकेत'

> वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रम्प की घोषणा पर टिप्पणी की और आश्वासन दिया कि तथाकथित समझौते से भारतीय कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के हितों को किसी भी तरह से नुकसान नहीं होगा। हालांकि, उसके बाद, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार के आकार की वर्तमान वास्तविकता के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में इस पर टिप्पणी के लिए लगातार दूसरे दिन टिप्पणी की आवश्यकता थी।



भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में घोषित व्यापार समझौता (फरवरी 2026) पारदर्शिता की कमी, रूसी तेल आयात पर मौन और वाशिंगटन द्वारा बड़े दावों के कारण रहस्यमय और संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालाँकि अमेरिकी टैरिफ में 18% तक की कटौती हुई है, लेकिन पूर्ण दस्तावेज़ न होने से भारतीय कृषि और रणनीतिक स्वायत्तता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं जैसे पारदर्शिता का अभाव - भारत सरकार ने समझौते के विशिष्ट विवरण, लिखित शर्तों या आधिकारिक पाठ को पूरी तरह से सार्वजनिक नहीं किया है, जिससे यह संदेह गहरा गया है।रूसी तेल और भू-राजनीतिक दबाव - राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया कि भारत ने रूसी तेल आयात बंद करने का वादा किया है, लेकिन भारत की ओर से इस पर कोई पुष्टि नहीं की गई है, जो एक बड़ा रहस्य बना हुआ है। कृषि और डेयरी क्षेत्र पर खतराः विपक्षी दलों ने चिंता जताई है कि भारत ने अपने कृषि और डेयरी बाजारों को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल दिया है, जो भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ हो सकता है। दावों में अंतर- अमेरिका ने दावा किया कि भारत $500 बिलियन से अधिक के अमेरिकी सामान खरीदेगा, जबकि भारत ने केवल टैरिफ में कमी (18% तक) पर ही ध्यान केंद्रित किया, न कि बड़ी खरीदारी के दावों पर।सं संप्रभुता का सवालः इस बात पर बहस है कि क्या यह समझौता भारत की स्वतंत्र विदेश और व्यापार नीति के अनुरूप है, या यह अमेरिकी दबाव में लिया गया कोई निर्णय है। इस प्रकार, इस समझौते को एक 'ऐतिहासिक सफलता' के बजाय 'राजनीतिक संकेत' या 'विश्वास बहाली का उपाय' अधिक माना जा रहा है तथा भारत और अमेरिका के बीच तथाकथित व्यापार समझौता बेहद रहस्यमय मामला नजर आ रहा है। देखा जाय तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस समझौते की एकतरफा घोषणा का स्वागत किया क्योंकि किसी भी कारण से किसी भी तरह के व्यापार और उद्योग का विरोध करना अवैध है, लेकिन अगर समझौते की घोषणा के 24 घंटे बाद भी किसी भी विवरण के बारे में कोई जानकारी नहीं है, तो संदेह होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच तथाकथित समझौता, जिसमें कोई विवरण, कोई क्लॉज, कोई रिकॉर्ड नहीं है, एक रहस्य है जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते के लिए कम से कम दो पक्षों और सभी संबंधित लोगों की सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि भारत को साथ नहीं लिया गया, लेकिन उन्होंने पारस्परिक रूप से घोषणा की कि भारत को साथ लेकर बिना किसी समझौते के दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है और अब समय आ गया है कि हम इसे एमयू कहें। उन्होंने कनाडा के साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की। हालांकि, देश के प्रधान मंत्री, मार्क कार्नी ने ट्रम्प को मना लिया, और कनाडा-अमेरिका सौदा गुब्बारा गया। सबसे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में क्या हुआ। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कथित सौदे के विवरण पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ये ट्रम्प की घोषणा की रिपीट है, जिसका मतलब है कि ट्रम्प ने जो घोषणा की है, उसे अमेरिकी सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है और उसी के अनुसार आगे भी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। लेकिन ये कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाता है। पहला मुद्दा भारत की तेल खरीद का है, हम रूस से तेल खरीदना बंद करने जा रहे हैं क्योंकि अमेरिका ऐसा नहीं चाहता है। ट्रम्प और लेविट यही कहते हैं। लेकिन तेल खरीदना पानी का नल नहीं है। जब आप इसे चालू करेंगे, तो पानी आएगा और जब आप इसे बंद करेंगे, तो यह बंद हो जाएगा। ये खरीद समझौते, जो हफ्तों और महीनों पहले किए जाते हैं, क्या उन्हें अचानक रद्द किया जा सकता है क्योंकि ट्रम्प ऐसा कहते हैं? उत्तर सकारात्मक हो सकता है, लेकिन इस तरह के समझौतों में अक्सर मुआवजे का मुद्दा शामिल होता है, जो खरीद को एकतरफा रद्द करने और दूसरे पक्ष को नुकसान को रोकने के लिए है। यदि भारत और रूस के बीच तेल सौदा समाप्त हो जाता है तो भुगतान किए जाने वाले मुआवजे के बारे में क्या? इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वेनेजुएला के तेल और रूसी तेल के बीच एक मूलभूत अंतर हैः रूसी तेल हल्का और परिष्कृत करने में आसान है, और वेनेजुएला का तेल इसके ठीक विपरीत है, और यह सल्फर और अन्य प्रदूषकों के साथ भी अधिक प्रदूषणकारी है। और क्या उन्हें इसे सबसे पहले करना चाहिए? क्योंकि आप रूसी तेल को मौजूदा बाजार मूल्य की तुलना में 10 डॉलर प्रति बैरल सस्ता करते हैं, क्या आप इस लाभ को छोड़ देंगे क्योंकि ट्रम्प ऐसा सोचते हैं? ट्रम्प और लेविट के बीच दूसरा मुद्दा इस घोषणा के बारे में है कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका से $ 50,000 बिलियन मूल्य का सामान खरीदेंगे, जो न केवल एक बड़ी राशि है, बल्कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच वर्तमान कारोबार केवल $ 4100 बिलियन है, और यदि आप सेवा क्षेत्र में लेनदेन मूल्य जोड़ते हैं, तो यह समान राशि से बढ़कर $ 8,000 बिलियन हो जाएगा, यानी हम संयुक्त राज्य अमेरिका से जो सामान और सेवाएं खरीदते हैं यह 50 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ सकता है? एक व्यवसाय ऐसे समय में 500 प्रतिशत कैसे बढ़ सकता है जब यह निश्चित है कि एक बकवास को छोड़कर कुछ भी इतनी तेजी से बढ़ सकता है? इस पर कुछ सरकारी समझदार लोगों का कहना है कि 50 हजार करोड़ डॉलर का लक्ष्य पांच साल का है; पहले वर्ष में नहीं। यह एक बार है, लेकिन यदि आप ऐसा करते भी हैं, तो आपको पहले वर्ष में $4100 मिलियन से संयुक्त राज्य अमेरिका से $10,000 बिलियन मूल्य की वस्तुएं और सेवाएं खरीदनी होंगी, एक ही वर्ष में 100 प्रतिशत की वृद्धि? ट्रंप और लेविट का तीसरा मुद्दा यह है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर शून्य प्रतिशत और अमेरिका में बिकने वाले भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। लेकिन जिन्हें साधारण एक्सचेंजों का व्यावहारिक ज्ञान है, वे भी इस पर विश्वास नहीं करेंगे। हम 18 प्रतिशत टैरिफ कैसे दे सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर सभी करों को छूट कैसे दे सकते हैं। वर्तमान में, हम उस देश के उत्पादों पर 16 प्रतिशत का न्यूनतम आयात शुल्क लगाते हैं जिसे हमने 'विशेष दर्जा' दिया है, जिसका अर्थ है कि जब उस देश के उत्पाद भारतीय बाजार में पहुंचते हैं, तो उनकी कीमत 16 प्रतिशत बढ़ जाती है, कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क 36.8 प्रतिशत है और कुछ उत्पादों के लिए 64.3 प्रतिशत है। यह है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता है, तो विदेशी उत्पाद भारतीय बाजार में घरेलू उत्पादों की तुलना में सस्ते होंगे, और हमारे किसान, उद्यमी सचमुच बर्बाद हो जाएंगे।

**-अशोक भाटिया**

## प्रस्तावित रेलवे लाइनों के ...

अमरपाल सिंह वर्मा

# सेब से खेजड़ी तक : विकास बनाम पर्यावरण की एक जैसी लड़ाई

केंद्र सरकार ने हाल ही में कश्मीर में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया गया है, जिन पर इन रेल लाइनों के निर्माण से सीधा खतरा मंडरा रहा था। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ी राहत है जिनकी आजीविका सेब के बागों पर निर्भर है।

प्रस्तावित रेलवे लाइनों के कारण पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग जैसे इलाकों में सेब के हजारों पेड़ों के कटने की आशंका थी। ये इलाके कश्मीर के सेब उत्पादन का केंद्र हैं और वहां की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीते एक साल से किसान इस डर में जी रहे थे कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और रोजगार छिन जाएगा। इसी आशंका के चलते किसानों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और सरकार से इन परियोजनाओं को रद्द करने की मांग की। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश पर इन परियोजनाओं को रोका गया है ताकि बागों को नुकसान से बचाया जा सके। यह निर्णय इस बात की मिसाल है कि यदि सरकार चाहे, तो वह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकती है। पर बड़ा सवाल यह है कि क्या यही संवेदनशीलता देश के अन्य हिस्सों में भी दिखाई जा रही है?

इस सवाल के जवाब में राजस्थान के बीकानेर में चल रहा 'खेजड़ी बचाओ-प्रकृति बचाओ' आंदोलन ध्यान खींचता है। यह आंदोलन राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हो रही पर्यावरणीय क्षति के विरोध में खड़ा हुआ है। इस आंदोलन के तहत पर्यावरण संघर्ष समिति ने बीकानेर में तीन दिन पहले महापड़ाव डाला है। महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर पहले 363 पर्यावरण प्रेमी बैठे, जिनकी संख्या बाद में 450 हो गई। इनमें 29 संत, एक साध्वी और 68 महिलाएं हैं। अनशन पर 18 के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग बैठे हुए हैं। कल तीसरे दिन आमरण अनशन पर बैठे 17 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। 3 को गंभीर हालत में पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा है। अब अनशनस्थल पर 75 बेड के 2 अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। यह आदोलन राजस्थान मे खेजड़ी बचाने के लिए किया जा रहा है। अनशनकारियों की बिगड़ती तबीयत और अस्थाई अस्पतालों की व्यवस्था इस आंदोलन की गंभीरता को दर्शाती है।



यह सर्वविदित है कि राजस्थान आज देश में सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार और कंपनियों का दावा है कि इससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और देश का ऊर्जा परिदृश्य बदलेगा लेकिन इस विकास की कीमत क्या है, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान में पिछले एक दशक में लाखों पेड़ काटे गए हैं। इनमें खेजड़ी जैसे पारंपरिक और जीवनदायी वृक्ष भी शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान में 'कल्प वृक्ष' का दर्जा प्राप्त है। यह न केवल मरुस्थलीय पर्यावरण को संतुलन देता है बल्कि इससे सांगरी जैसी सब्जी, पशुओं के लिए चारा और ग्रामीण समुदाय की आजीविका भी जुड़ी हुई है। जन्म से मृत्यु तक के सामाजिक संस्कारों में भी खेजड़ी की मौजूदगी अपरिहार्य है। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रो. अनिल छंगाणी की स्टडी में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सोलर लगाने के लिए 10 साल में 50 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें खेजड़ी, बेर, केर, रोहिड़ा, बबूल आदि शामिल हैं। अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि सौर प्लांटों के आसपास का तापमान औसतन 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पेड़ों की कटाई से कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, पक्षियों और अन्य जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। गोंद और चारे की उपलब्धता घट रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है। इसके अलावा, सौर संयंत्रों को साफ और ठंडा रखने के लिए भारी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है जबकि राजस्थान पहले से ही जल संकट से जूझ रहा है। यह सच है कि सौर ऊर्जा समय की जरूरत है।

## लुक ईस्ट...

कमलेश पाण्डेय

# आखिर घाटे वाले विदेश व्यापार को मुनाफे वाले कारोबार में कब और कैसे बदलेगा भारत?



भारत की सियासत 'वैचारिक अकाल' से पीड़ित है, जिसका असर हमारे घरेलू कारोबार के अलावा विदेश व्यापार पर भी स्पष्ट दिखाई देता है। सच कहूं तो राष्ट्र की 'आर्थिक स्वायत्तता' ही चीन और रूस जैसे देशों के समक्ष गिरवी प्रतीत हो रही है। यह ठीक है कि रूस हमारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मददगार मित्र है, जिसके द्वारा शोषण किया जाना स्वाभाविक है। लेकिन चीन जैसे मजबूत और पड़ोसी शत्रु देश को इतना भारी कारोबारी लाभ देने के बावजूद यदि हम उसे अपना मित्र नहीं बना पाए तो यह बात सिर्फ यही चुगली करती है कि हमारी आंतरिक दलित और पिछड़ी नीतियों की वजह से भारत रणनीतिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पिछड़ता प्रतीत होता हैं। यही वजह है कि आर्थिक विशेषज्ञ यह सवाल दाग रहे हैं कि आखिर घाटे वाले विदेश व्यापार को मुनाफे वाले अंतरराष्ट्रीय कारोबार में कब और कैसे बदलेगा भारत?

देखा जाए तो भारत का विदेश व्यापार वर्तमान में भारी घाटे में है, जो दिसंबर 2025 में 25 अरब डॉलर तक पहुंच गया। विपरीत स्थिति यानी कारोबारी घाटा चीन, रूस, यूएई और इराक जैसे 75 देशों के साथ है जहां व्यापार घाटा हमेशा बना रहता है, क्योंकि यहां से आयात निर्यात से बहुत ज्यादा होता है। इसलिए हमारा सरकारी प्रयास निर्यात बढ़ाने पर केंद्रित हैं, लेकिन अधिशेष (सर्विस ट्रेड को छोड़कर गुड्स ट्रेड में) प्राप्त करने का कोई निश्चित समयसीमा नहीं है। वर्तमान स्थिति में भारत का व्यापार घाटा एफवाई (FY) 2026 के पहले क्वार्टर में एफटीए (FTA) देशों के साथ 59% बढ़कर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया, जहां निर्यात 9% गिरा और आयात 10% बढ़ा। आंकड़े बताते हैं कि दिसंबर 2025 में यह 25.04 अरब डॉलर रहा, जबकि अनुमान 2027 तक -32 अरब डॉलर का है। यानी वर्तमान के साथ साथ निकट भविष्य भी अंधकारमय है।

खासकर रूस, चीन और आसियान जैसे साझेदारों के साथ ही घाटा प्रमुख समस्या बनी हुई है। रूस तो भारत का भरोसेमंद मित्र है, हथियार व तकनीकी आपूर्तिकर्ता है। लेकिन चीन के खिलाफ आसियान देश समूह को संतुलित करने/रखने की नीति हम पर अब भारी महसूस हो रही है। लुक ईस्ट की नीति भी सफेद हाथी साबित हुई। हां, लाभ देने वाले पश्चिमी देशों को यदि विकल्प दिखाकर काबू में रखना है तो फिर कुछ नहीं कहना। क्योंकि यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होते ही अमेरिकी अकड़ ढीली पड़ गई और उसके साथ भी एफटीए हो गया। हालांकि भारत की कारोबारी चुनौतियाँ यह हैं कि चीन, रूस और कोरिया के अलावा स्विट्जरलैंड, यूएई, इराक जैसे देशों से आयात अधिक है, जबकि अमेरिकी कूटनीतिक व रणनीतिक टैरिफ ने निर्यात प्रभावित किया, जबकि अब इसका खतरा टल गया है क्योंकि अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, एफटीए (FTA) के बावजूद आसियान निर्यात गिरा, और सोना-तेल आयात घाटा बढ़ा रहा।

## जरा हटके

## यह एक धीमा जहर...

ललित गर्ग

# डराने लगी है ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया

ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं आभासी दुनिया कितनी भयावह एवं घातक हो सकती है, इसकी एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं ने न केवल झकझोरा है, बल्कि यह हमारे समय, हमारी सामाजिक संरचना और हमारी सामूहिक असावधानी पर लगा हुआ एक गहरा प्रश्नचिह्न बना है। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी हृदयविदारक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी ये दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गई। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने समाज को स्तब्ध ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक गहरा घाव दिया है। यह कोई आकस्मिक या अलगथलग घटना नहीं है। इससे पहले झाबुआ, भोपाल और देश के अन्य हिस्सों में सामने आई ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि आभासी दुनिया किस तरह वास्तविक जीवन पर हावी होती जा रही है और हम अनजाने में एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां संवेदनाएं, संवाद और जीवन-मूल्य स्क्रीन के पीछे दम तोड़ते जा रहे हैं।




ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में अपराध नहीं है, न ही तकनीक शत्रु है, लेकिन जब यह बच्चों और किशोरों के लिए लत बन जाए, तो यह एक धीमा जहर बन जाती है। यह जहर चुपचाप बच्चों के मस्तिष्क में प्रवेश करता है, उनकी सोच, उनकी भावनात्मक संरचना और उनके निर्णय लेने की क्षमता को विकृत करता है। गेमिंग की दुनिया बच्चों को तात्कालिक रोमांच, आभासी जीत और काल्पनिक पहचान देती है, लेकिन धीरे-धीरे वही दुनिया उन्हें वास्तविक जीवन से काट देती है।

# जानलेवा होने लगी है मोबाइल की लत

मोबाइल का प्रयोग जहां पर लोगो को बातचीत करने का प्रमुख माध्यम बना जो लोगो के लिए काफ़ी सहूलियत भरा रहा लेकिन अब मोबाइल लोगो के लिए कहीं न कहीं घातक भी सिद्ध हो रहा है। इससे लोगो को बचने की जरूरत है। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया, जहां तीन नाबालिग सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, तीनों को ऑनलाइन गेम की लत थी और गेम खेलने को लेकर परिवार के मना करने पर आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। तीनों बहनों की उम्र 16, 14 और 12 साल थी।

पुलिस के मुताबिक तीनों बहनें कोरियन लव गेम खेलती थीं और तीनों बहनें ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लव गेम खेला करती थीं। इस घटना से कहीं न कहीं यह समझा जा सकता है कि आज देश में बच्चों और युवाओं की सोच को दिखा रहा है और इस आदत में यदि सुधार नहीं किया गया तो सच में भविष्य में और भी बड़े खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

भारत में 2024 के मुताबिक स्क्रीन वॉच टाइम का आंकड़ा चौकाने वाला है और अब दो वर्षो में तो इसमें और इजाफा हो गया होगा। 2024 के मुताबिक भारत में हर व्यक्ति 5 घण्टे औसत मोबाइल पर बीतता है, वर्ष 2024 में भारत के लोगो ने कुल 1.1 लाख करोड़ घंटे लोगो ने मोबाइल चलाने में बिताया।




भारत में लगभग 7 घंटे लोग ऑनलाइन रहते है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत लोग सोशल मीडिया, गेम और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर समय बिताते है, देश में यदि 5 वर्ष के कम उम्र के बच्चों की बात की जाये तो औसत 2.2 घंटे एक बच्चा मोबाइल देखने में बीतता है क्योंकि देखा जाता है बच्चों को चुप रखने के लिए महिलाएं बच्चों को मोबाइल दे देती है।

**- संतोष कुमार तिवारी**

# 2 साल में 1 लाख लोग लापता

सुनवाई

## लखनऊ हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव और डीजीपी को रिकॉर्ड सहित तलब किया







तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। न्यायालय ने राज्य सरकार के संबंधित विभागों से सभी आंकड़े और रिकॉर्ड तलब किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई के समय उपस्थित रहने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, चिनहट क्षेत्र निवासी विक्रमा प्रसाद ने न्यायालय को बताया था कि उनका बेटा जुलाई 2024 में लापता हो गया था। उन्होंने चिनहट थाने में गुमशुदगी की सूचना भी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने याची की सूचना पर कार्रवाई के साथ-साथ प्रदेश में गुमशुदा हुए लोगों के संबंध में विस्तृत जानकारी देने का अपर मुख्य सचिव, गृह को आदेश दिया। आदेश के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव द्वारा दाखिल शपथ पत्र में बताया गया कि 1 जनवरी 2024 से 18 जनवरी 2026 तक पुलिस के समक्ष दर्ज सूचनाओं के अनुसार 1,08,300 लोग लापता हुए हैं।

> न्यायालय ने इस स्थिति को गंभीर बताया और इसे प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में शीर्षक से जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया, जिसकी आज सुनवाई हुई।

### संबंधित अधिकारियों का कार्य संतोषजनक नहीं

शपथपत्र में यह भी बताया गया कि इन लापता व्यक्तियों में से मात्र 9,700 लोगों का ही पता चल सका है। न्यायालय ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि गुमशुदा लोगों के संबंध में संबंधित अधिकारियों का कार्य संतोषजनक नहीं है।

# 'जाति परंपरा सिर्फ वोट बैंक की पॉलिटिक्स की देन है'

## नेशनल कॉलेज में आईकेएस पर सेमिनार, शिव प्रताप शुक्ला बोले- वेद में सबकुछ है

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में आज, गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा (IKS) पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि सेमिनार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में 3 बहनों ने सुसाइड किया। वे कोरियन सभ्यता से प्रभावित थीं। एक समय वह था, जब भारतीय समाज में राजा जनक अपनी बेटी सीता के लिए स्वयंवर करते थे। आज ये दिन आ गए हैं। आप खुद ही दोनों सभ्यताओं की तुलना कर लीजिए। पहले जब जर्मन विद्वान मैक्सम्युलर भारत आए तो भाषा ज्ञान न होने के कारण वेद को जान नहीं सके। जब वे लौटकर जर्मन गए तो



वहां अनुवाद कर वेदों को ठीक तरह से जाना और कहा कि वास्तव में वेद ही हैं, जिसमें सब कुछ है। जरा सोचिए, भारत अगर आज दशमलव न दिया होता तो आखिर कैसे गणित चलता? आर्यभट्ट ने जब दशमलव दिया तभी ये गणित आगे बढ़ सका।

नेशनल पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि NEP में IKS के उल्लेख से शिक्षा व्यवस्था में नई स्फूर्ति मिली है। एलोरा का कैलाश मंदिर को ऊपर से पहाड़ काटकर बनाया गया था। ये अपने आप मे दुर्लभ है।

### भारत में कभी जाति परंपरा नहीं थी

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि UGC के नियम का बगैर नाम लेते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के डिसिशन में एक लाइन की टिप्पणी कि क्या हम फिर से जाति व्यवस्था की तरफ लौट रहे है? ये बेहद गंभीर बात है। मैं ये कहना चाहूंगा कि भारत में कभी जाति परंपरा नहीं थी। भारत में वर्ण परंपरा थी। जाति परंपरा सिर्फ वोट बैंक की पॉलिटिक्स की देन है।

फास्ट न्यूज

### मेरठ में सड़क पर बैठे युवक को रोडवेज ने कुचला

मेरठ । मेरठ में कौशांबी डिपो की रोडवेज बस ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना का 1 मिनट 8 सेकेंड का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक सड़क पर बैठा हुआ था। इसी दौरान बस अड्डे से निकल रही रोडवेज बस का अगला पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। आसपास के दुकानदारों ने देखा तो शोर मचाया।

### कानपुर में इंजीनियर से सपा विधायक बोले- तुम पागलमैन हो

कानपुर । कानपुर में कैंट से सपा विधायक मो. हसन रूमी सड़क की खुदाई करने पर इंजीनियर पर भड़क गए। उन्होंने काम रुकवा दिया। विधायक ने कंपनी के इंजीनियर से पूछा कि तुम्हारी NOC कब तक की है? इसका इंजीनियर कोई जवाब नहीं दे सके। विधायक ने बीच सड़क पर ही इंजीनियर से कहा- यू आर टोटली स्टुपिड। तुम पागलमैन हो। फिर ब्लडी बस्टर्ड मैन कहकर विधायक ने काम बंद करवा दिया।

कानपुर के जाजमऊ में नमामि गंगे योजना के तहत WABAG नाम की कार्यदायी संस्था पानी के पाइप डालने का काम कर रही है।

### वकीलों का हंगामा, कुर्सिया फूंकी

बाराबंकी। बाराबंकी जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को वकीलों के बीच 'वकील बनाम वकील' का विवाद सामने आया। बार एसोसिएशन के सामूहिक निर्णय के खिलाफ जाकर एक अधिवक्ता द्वारा टोलकर्मियों की जमानत याचिका दाखिल करने की बात सामने आने पर भारी हंगामा और आगजनी हुई। नाराज सैकड़ों अधिवक्ताओं ने संबंधित वकील के बस्ते पर पहुंचकर मेज और कुर्सियों को आग के हवाले कर दिया।

# बहराइच जेल में बंदी की तबीयत बिगड़ने से मौत

तमसा संकेत, संवाददाता




बहराइच। बहराइच जिला कारागार में बंद एक वृद्ध बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गोबार निवासी 70 वर्षीय मैकूलाल को 30 जनवरी को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में उनके परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ हिरासत में लिया था। पुलिस द्वारा उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें जिला कारागार भेज दिया था। तब से वह जेल में निरुद्ध थे। बुधवार को जेल में बंद मैकूलाल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया गया कि उन्हें चक्कर आए और वह गिर पड़े। जेल कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी और बंदी को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कारागार के डिप्टी जेलर ने बताया कि बंदी की तबीयत अचानक खराब हुई थी और जेल प्रशासन की ओर से समय रहते उपचार की व्यवस्था की गई। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच नियमानुसार की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक ने मचाया कहर

## सब्जी विक्रेता समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। फतेहपुर कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर में मंगलवार की देर शाम तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चलते तीन लोग घायल। इस हादसे में सब्जी की दुकान बंद कर रहे एक व्यक्ति समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला पटेल नगर स्थित श्याम सुंदर मेडिकल स्टोर के सामने यार मोहम्मद (40) पुत्र असगर अली निवासी कटघरा रोज की तरह अपनी सब्जी की दुकान बंद कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर अभिषेक वर्मा (24) पुत्र राजेश कुमार और उसका साथी आशीष कुमार (20) पुत्र बाबूराम सवार थे, जो महमूदाबाद, जनपद सीतापुर के निवासी बताए जा रहे हैं। टक्कर



इतनी भीषण थी कि यार मोहम्मद उछलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरे, जबकि मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक भी संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद यार मोहम्मद की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अभिषेक वर्मा की स्थिति नाजुक होने के कारण उसे लखनऊ स्थित हायर सेंटर भेजा गया। आशीष कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# बहराइच जेल में बंदी की तबीयत बिगड़ने से मौत

## पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच । जिला कारागार में बंद एक वृद्ध बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गोबार निवासी 70 वर्षीय मैकूलाल को 30 जनवरी को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में उनके परिवार के दो अन्य सदस्यों के साथ हिरासत में लिया था। पुलिस द्वारा उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें जिला कारागार भेज दिया था। तब से वह जेल में निरुद्ध थे। बुधवार को जेल में बंद मैकूलाल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया गया कि उन्हें चक्कर आए और वह गिर पड़े। जेल कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी और बंदी को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कारागार के डिप्टी जेलर ने बताया कि बंदी की तबीयत अचानक खराब हुई थी और जेल प्रशासन की ओर से समय रहते उपचार की व्यवस्था की गई। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच नियमानुसार की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टप्पेबाजों का आतंक

## शादी में शामिल होने आई महिला के 15 से 20 लाख के जेवरात उड़ाए

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच। बहराइच जनपद के पयागपुर क्षेत्र में टप्पेबाजों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। थाना पयागपुर अंतर्गत बस स्टॉप चौराहे के पास टप्पेबाजों ने एक महिला को अपना शिकार बनाते हुए लगभग 15 से 20 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पीड़िता मिथलेश जायसवाल पत्नी दिलीप जायसवाल, निवासी रानीपुरवा जानकीनगर, थाना नगर कोतवाली, जनपद गोंडा की रहने वाली हैं। वह अपने छोटे भाई की शादी में शामिल होने के लिए अपने मायके पिपरा पदारथ, थाना पयागपुर आ रही थीं। शादी के कारण वह अपने साथ अपने सभी कीमती जेवरात लेकर आई थीं।



जानकारी के अनुसार, महिला जब पयागपुर बस स्टॉप पर बस से उतरीं, तभी पहले से घात लगाए बैठे टप्पेबाजों की नजर उन पर पड़ गई। इसके बाद वह बैटरी रिक्शा से अपने मायके के लिए रवाना हुईं। उसी रिक्शा में चार पुरुष और दो महिलाएं भी सवार हो गईं। चौराहे से लगभग 100 मीटर आगे इकौना रोड पर पहुंचने पर टप्पेबाजों में से एक व्यक्ति खाने-पीने का सामान लेने के बहाने रिक्शा से उतर गया, जिससे रिक्शा करीब 10 मिनट तक रुका रहा। इसी दौरान शातिरों ने महिला के जेवरात



■ सीसी टीवी फुटेज में दिखी महिला साथ ई रिक्शा में सवार थी महिला

गायब कर दिए और यह कहकर मौके से फरार हो गए कि उनकी गाड़ी आ रही है। बाद में महिला को ठगी का एहसास हुआ, तब तक आरोपी भाग चुके थे। पीड़िता ने मामले की तहरीर क्षेत्राधिकारी पयागपुर को दी है। C.O पयागपुर द्वारा जांच के आदेश दिए गए हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो चुका है, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, टीम गठित कर जांच की जा रही है तथा जिले की SOG टीम भी मामले में सक्रिय है।

प्रशंसा और बधाई - विभाग के समन्वयक और संकाय सदस्यों ने दी हार्दिक शुभकामनाएँ

# गौरवान्वित : अंजलि सिंह ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की



> ■ प्राचार्य, बरेली कॉलेज, बरेली (उत्तर प्रदेश), प्रो. ओ. पी. राय ने भी सुश्री अंजलि को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। यह बताते हुए पर्यावरण विज्ञान विभाग को अत्यंत हर्ष एवं गौरव की अनुभूति हो रही है कि विभाग की शोधार्थी सुश्री अंजलि सिंह, जिन्होंने एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली से ही पूर्ण की है तथा वर्तमान में जंतु विज्ञान विभाग एवं पर्यावरण विज्ञान विषय से पीएचडी कर रही हैं, ने यूजीसी–नेट परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं शोध के प्रति समर्पण का प्रतिफल है।



इस महत्वपूर्ण सफलता पर पर्यावरण विज्ञान विभाग के समन्वयक डॉ. जसपाल सिंह सहित विभाग के सभी संकाय सदस्यों—डॉ. गौरव भूषण, डॉ. निष्ठा सेठ एवं डॉ. अनामिका अग्रवाल—ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की हैं। सुश्री अंजलि के पर्यावरण विज्ञान विषय में पीएचडी शोध कार्य हेतु मार्गदर्शक प्रो. राजेन्द्र सिंह, जंतु विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली के कुशल निर्देशन, सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को इस उपलब्धि में विशेष श्रेय दिया जाता है। साथ ही पर्यावरण विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों के अकादमिक सहयोग, शोधपरक वातावरण तथा सह-शोधार्थियों के निरंतर प्रोत्साहन ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसके अतिरिक्त विभाग के समस्त शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी है। साथ ही सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज के निदेशक प्रो. ए. पी. सिंह ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दी हैं। पर्यावरण विज्ञान विभाग सुश्री अंजलि के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है तथा आशा करता है कि वे आगे भी अपने उत्कृष्ट शोध एवं अकादमिक उपलब्धियों से विभाग, महाविद्यालय एवं संस्थान का नाम निरंतर गौरवान्वित करती रहेंगी।

चर्चा : सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए

# अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्य सचिव श्री एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का आयोजन पूर्णतः नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के मध्य प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित की




जाएंगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती घटनाओं के दृष्टिगत प्रदेश के 18 जनपदों आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, हरदोई, कन्नौज, आजमगढ़, बलिया, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया एवं गोण्डा को संवेदनशील घोषित किया गया है तथा इन जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। अतिसंवेदन-शील परीक्षा केन्द्रों का प्रतिदिन दो बार निरीक्षण कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी परीक्षा कक्षों एवं परिसरों में सीसीटीवी युक्त वॉयस रिकॉर्डर पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में हों। राज्य स्तर एवं प्रत्येक जनपद स्तर पर कंट्रोल एवं मॉनीटरिंग सेंटर स्थापित हो जाएं। कंट्रोल रूम के लिए उपयुक्त एवं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि एसटीएफ एवं एलआईयू के माध्यम से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की विशेष निगरानी रखी जाए। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र खोलने की समस्त कार्यवाही सीसीटीवी निगरानी में की जाए तथा यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए कि स्ट्रांग रूम से केवल सही प्रश्नपत्र की ही निकासी हो।

> स्ट्रांग रूम की रात्रिकालीन रैंडम चेकिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए। बाह्य नकल की रोकथाम के लिए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष द्वारा नियमित पेट्रोलिंग की जाए।

मुख्य सचिव ने बताया कि ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए दिनांक 01 फरवरी से 15 फरवरी तक प्रदेश के समस्त जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लंबित चालान वाले वाहनों, ओवरलोड वाहनों तथा फर्जी, धुंधली अथवा गलत नंबर प्लेट लगाकर खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन रामनगर खजुरी में सजा विराट कवि सम्मेलन

## कई प्रख्यात कवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रामनगर खजुरी स्थित राम नारायण सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार की देर शाम एक विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। साहित्यिक और सांस्कृतिक रंग में रंगे इस आयोजन में जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन में देशराज सिंह मधुसूदन, मनोज सिंह, नीरज पांडेय सहित कई प्रख्यात कवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हास्य, ओज और श्रृंगार रस की मनमोहक कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की एक से बढ़कर एक रचनाओं पर सभागार देर तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा और श्रोताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ओज रस के कवि योगेश सिंह चौहान एवं मनोज सिंह चौहान ने देशभक्ति और सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत रचनाएं प्रस्तुत कर वातावरण को जोश से भर दिया।



### कार्यक्रम कई वर्षों से निरंतर आयोजित

श्रृंगार रस की मधुर प्रस्तुतियों में कवयित्री ऋचा रोली, नीता नवन तथा देशराज सिंह मधुसूदन की रचनाओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि सम्मेलन का कुशल संचालन नीरज पांडेय ने किया, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी देशराज सिंह मधुसूदन ने निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि राम नारायण सिंह इंटर कॉलेज में यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों में साहित्य, संस्कृति और कला के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। इस तरह के साहित्यिक आयोजनों से क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है।

## बृजभूषण राजपूत के बचाव में उतरे पूर्व सांसद पिता, पहले लिखा था- महादेव सद्बुद्धि दें

# 'विधायक कोई घास छीलने के लिए नहीं बना'

**समर्थन**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

महोबा। महादेव मेरे बेटे विधायक बृजभूषण राजपूत को सद्बुद्धी दे। कोई अपने आपको पार्टी से बड़ा न समझें। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। अहंकार चाहे जप-तप, यश-कीर्ति का हो। अहंकार सब बुरे होते हैं।

ये बातें महोबा के चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत के पिता पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने अपने सोशल मीडिया पर लिखीं। हालांकि, कुछ ही देर में पोस्ट को डिलीट करने के बाद वे बेटे के बचाव में उतर आए। कहा- विधायक कोई घास छीलने के लिए थोड़े बनता है। जनता की समस्या नहीं बताएगा तो क्या करेगा? उन्होंने मंत्री और विधायक बेटे के बीच



पूर्व सांसद ने कहा कि विधायक अगर अपनी बात नहीं रखेगा तो कौन रखेगा? विधायक कोई घास छीलने के लिए थोड़े ही बनता है।

किसी प्रकार की बहस या नाराजगी से इनकार किया। दरअसल, पूर्व सांसद के विधायक बेटे बृजभूषण की बीते 30 जनवरी को महोबा में मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से बहस हुई थी। विधायक ने 100 से अधिक प्रधानों के साथ मंत्री का काफिला रोक लिया था। 30 कार और 20 बाइकें मंत्री के काफिले के सामने खड़ी कर दी थी। आरोप लगाया था कि हर घर नल-जल योजना के काम में अधिकारी लापरवाही कर रहे। सड़कें खोद कर रख दी गई हैं और काम नहीं हो रहा। सत्ताधारी दल के विधायक द्वारा अपनी ही सरकार के मंत्री का काफिला रोके जाने और भिड़ने का वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने भी सरकार पर जोरदार हमला बोला था। 30 जनवरी को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह महोबा में पहुंचे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत ने 100 से अधिक प्रधानों और लोगों के साथ मंत्री का काफिला रोक दिया विधायक ने मंत्री से अपनी विधानसभा के 100 गांवों में पानी न पहुंचने और पाइप-लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई थी। कहा था- जिले के 90 प्रतिशत गांवों के लोग मुझसे पूछते हैं। मैं क्या जवाब दूं? इस दौरान विधायक के समर्थकों की सीओ सदर और कोतवाल से भी झड़प हो गई थी।

### प्रदेश अध्यक्ष बोले-संगठन में अनुशासनहीनता सर्वोपरि

मंत्री से भिड़ने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा- भाजपा एक संगठन-आधारित पार्टी है। जहां जनहित के मुद्दों पर मतभिन्नता संभव है, लेकिन अनुशासन सर्वोपरि है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ मिलकर मामले की रिपोर्ट मांगी गई है। दोनों नेताओं से बातचीत की जा रही है। उच्च स्तर पर इस मुद्दे को सुलझाने के प्रयास जारी हैं।

> **लोगों से घिरे स्वतंत्र देव सिंह ने विधायक से कहा था-मैं 40 गांव चलने को तैयार हूं। पानी दिलाना हमारा काम है। अफसर मेरे साथ हैं। अगर कहीं सड़कें खुदी हैं और पानी नहीं मिल रहा है तो अफसरों को सस्पेंड कर दूंगा।**



यह तस्वीर 3 फरवरी की है। जब विधायक ने कहा था- अगर जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री को भी रोकेंगे। बंधक बनाना मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं है।

## जांच के नाम पर जेवर व मोबाइल गायब करने का आरोप

### महिला ग्राम प्रधान ने एसपी से की शिकायत

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मद-पुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ग्राम प्रधान ने बेलहरा चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला प्रधान ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि चोरी की जांच के बहाने पुलिसकर्मियों ने उनके घर से कीमती जेवरात और मोबाइल फोन गायब कर दिए। उन्होंने मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

महिला ग्राम प्रधान फतेहपुर तहसील क्षेत्र के एक गांव की निर्वाचित प्रधान हैं। प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2025 की रात वह अपने घर पर अपनी छोटी पुत्री और पुत्र के साथ अकेली थीं, जबकि उनके पति किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। रात लगभग 12:30 बजे उनके घर में चोरी की घटना हुई, जिसमें अज्ञात चोर जेवरात, मोबाइल फोन समेत अन्य कीमती सामान उठा ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बेलहरा चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। महिला प्रधान का आरोप है कि पुलिसकर्मी नशे की हालत में थे और उन्होंने उन्हें तथा उनकी पुत्री को छत पर खड़ा कर दिया। आरोप है कि जांच के नाम पर पुलिसकर्मियों ने अलमारी की चाबी से ताला खुलवाया, घर का सामान बिखेर दिया और बाद में अलमारी की चाबी अपने साथ ले गए। महिला प्रधान के अनुसार कुछ दिन बाद जब उनके पति घर लौटे और अलमारी की चाबी मांगी गई, तब अलमारी खोलकर देखी गई। इस दौरान अलमारी से सोने के बाले, नथ और एक मोबाइल फोन गायब मिले। महिला का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में चौकी पर शिकायत की तो पुलिसकर्मियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

**फास्ट न्यूज**

### प्रयागराज में किराये की कोख का रेट आईफोन

प्रयागराज । प्रयागराज में 15 साल की लड़की के अंडाणु बेचने का मामला सामने आया है। 'किराये की कोख' (सरोगेसी) के लिए कीमत लगाई एक एप्पल का आईफोन और 15 हजार रुपए। पूरे रैकेट के पीछे एक मुस्लिम महिला सामने आई है। उसने ही 15 साल की लड़की कोमल (बदला हुआ नाम) का ब्रेनवॉश किया था। कहा था- छोटे से ऑपरेशन के बाद तुम्हें नई जिंदगी मिल जाएगी।

### इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती ने मेरी जिंदगी खराब कर दी

मेरठ । 10 वाला बिस्कुट कितने का...REEL से मशहूर मेरठ के इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती पर झारखंड की महिला ने गंभीर आरोप लगाए। महिला ने कहा- शादाब ने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। एक साल तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान घर के सारे काम कराए। विरोध पर जान से मारने की धमकी देता। इससे तंग आकर सुसाइड करने का मन बना चुकी थी, लेकिन मेरे पति ने मेरा दर्द समझा और मुझे शादाब जकाती के खिलाफ लड़ने के लिए खड़ा किया। शादाब जकाती की पत्नी साजिया ने भी मेरे साथ मारपीट और गाली गलौज की।

### मेरठ में स्कूल बस की टक्कर

मेरठ। मेरठ में बृहस्पतिवार शाम को खरखौदा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खरखौदा–मुंडाली मार्ग पर एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास बीआर इंटरनेशनल स्कूल कैली की बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा की छात्राओं ने एमए-सएमई प्रौद्योगिकी विकास केंद्र (पीपीडीसी), आगरा में एक शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर संस्थान में छात्राओं का स्वागत डॉ. योगेश श्रीवास्तव (असिस्टेंट डायरेक्टर), मनीष वर्मा (फैकल्टी) एवं अन्य फैकल्टी द्वारा किया गया। स्वागत उपरांत छात्राओं को संगठन की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान सभी छात्राओं ने एक साथ एम एस एम ई के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रोडक्ट, वेल्डिंग, कंप्यूटर विभागों के साथ-साथ AR/VR (ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी), 3D प्रिंटिंग, वेब डिजाइनिंग तथा अन्य ग्राफिक डिजाइनिंग कक्षाओं का भी दौरा किया गया। संबंधित विशेषज्ञों ने इन आधुनिक तकनीकों के उपयोग, स्कोप एवं उद्यमिता के अवसरों के बारे में जानकारी दी। फैक्ट्री विजिट के बाद सेमिनार हॉल में प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं डिप्टी डायरेक्टर, MSME ने छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यवसाय, स्वरोजगार तथा आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला। लगभग चार घंटे चले इस शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे।

MSME भ्रमण के उपरांत छात्राएं ऐतिहासिक लाल किला देखने पहुँचीं। लाल किले में छात्राओं को इसकी भव्य संरचना, निर्माण शैली तथा दीवारों पर बनी नक्काशी और रेखाओं (डिज़ाइन) के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि लाल किला मुगलकालीन स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसका निर्माण मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा कराया गया था।

## रेल कर्मियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिल रही आधार सेवाओं की सुविधा

# झांसी रेल मंडल में आधार नामांकन एवं अपडेशन शिविर का शुभारंभ

**तमसा संकेत, संवाददाता**


झांसी। रेल मंडल में UIDAI द्वारा अधिकृत डाक विभाग के सहयोग से कार्मिक विभाग के तत्वाधान में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभा कक्ष (द्वितीय) में आधार नामांकन एवं अपडेशन शिविर का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार द्वारा किया गया।

इस शिविर के माध्यम से रेल कर्मचारी, रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उनके परिजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन (अपडेशन) एवं नवीन आधार नामांकन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार ने स्वयं अपने आधार कार्ड में सुधार कराकर इस पहल को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आधार एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज है, जिसमें सही एवं अद्यतन जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विभिन्न सरकारी एवं विभागीय सेवाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त किया जा सके। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि अधिक से अधिक रेल कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके परिवारजन इस सुविधा का लाभ उठाएं। शिविर के प्रथम दिन ही 238 कर्मचारियों ने आधार नामांकन/अद्यतन हेतु समस्त वांछित प्रपत्रों की जानकारी प्राप्त की तथा 52 कर्मचारियों के तुरंत आधार नामांकन/अद्यतन किये गए।







**इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री नंदीश शुक्ल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राजेश कुमार शर्मा सहित मंडल के विभिन्न शाखाधिकारी तथा डाक विभाग के एस.एस.पी. श्री वरुण मिश्रा उपस्थित रहे।**

### भाई ने बहन के सिर में मारी गोली, मौत

आगरा । आगरा में भाई ने अपनी बहन के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। वह बिजली ठीक करने का बहाना बनाकर देर रात में दरवाजा खुलवाया। जैसे ही दरवाजा खुला, उसने तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगते ही महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

हत्या के बाद आरोपी अपने दो दोस्तों के साथ फरार हो गया। बुधवार देर रात हुई यह वारदात शाहगंज थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर की है। आरोपी की पहचान हरि सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, रुपए के लेन-देन को लेकर भाई-बहन के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था।

ताजगंज का रहने वाला हरि सिंह बिजली का काम करता है। करीब चार साल पहले वह एक मामले में जेल गया था। बताया जा रहा कि जेल जाने के पहले उसने अपनी बड़ी बहन अनीता को कुछ रुपए और गहने दिए थे। जेल से बाहर आने के बाद हरि सिंह ने अपनी बहन से गहने और रुपए मांगे। बहन ने बताया कि उसकी जमानत में काफी रुपए लगे।

## कब्जे से चोरी के एक लाख तीन सौ रूपए बरामद

# थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा 02 चोर गिरफ्तार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

झांसी । अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 13/2026 धारा 331(4)/305(A) BNS में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. सोनू कुशवाहा उर्फ चिकारा पुत्र रामसेवक कुशवाहा निवासी मोहल्ला तारपाठापुरा कस्बा व थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी उम्र 29 वर्ष



2. अरविन्द विश्वकर्मा पुत्र भगवती प्रसाद निवासी मोहल्ला महाराजपुरा कस्बा व थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी उम्र 28 वर्ष को चोरी के कुल 1,00,300/ (एक लाख तीन सौ रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं का समावेश करते हुए अभियुक्तगण को मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 01.02.2026 को वादी श्री विनय नारवानी s/o स्व० श्री गोपाल दास नारवानी निवासी म0सं0-9 कमल रेजीडेन्सी शिवाजी नगर झाँसी ने उनके ट्रांसपोर्ट से चोरी हो जाने के संबंध में थाना बड़ागाँव पर मु0अ0सं0 13/2026 धारा 331 (4)/305 (A) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया था। पुलिस द्वारा प्रभावी पतारसी/सुराग-रसी पर प्रकाश मे आये अभियुक्तगण 1. सोनू कुशवाहा उर्फ चिकारा पुत्र रामसेवक कुशवाहा निवासी मोहल्ला तारपाठापुरा कस्बा व थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी उम्र 29 वर्ष 2. अरविन्द विश्वकर्मा पुत्र भगवती प्रसाद निवासी मोहल्ला महाराजपुरा कस्बा व थाना बड़ागाँव जनपद झाँसी उम्र 28 वर्ष को भूपनगर रोड पर बराटा घाट पुलिया थाना बड़ागांव से गिरफ्तार किया ।

### पति की मौत के बाद पत्नी ट्रेन के नीचे आई

कानपुर । कानपुर में चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त बुजुर्ग महिला का पैर फिसला और उनका एक हाथ ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गया। महिला पहिए के नीचे जाने ही वाली थी, तभी RPF जवान ने उन्हें खींच लिया। पूरी घटना सिर्फ 3 सेकेंड में हुई। घटना कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन की बुधवार देर रात 2 बजे की है। स्टेशन पर लगे CCTV में पूरी घटना कैद हो गई। बुजुर्ग महिला ने बताया मेरे शौहर की मौत हो गई है। उनके जनाजे में शामिल होने के लिए परिवार के साथ पटना जा रही थी। कानपुर से मगध एक्सप्रेस का रिजर्वेशन था। जल्दबाजी में हादसा होने जा रहा था।

वीडियो सामने आने के बाद RPF जवान की सरहना की जा रही है। हादसे के बाद परिवार की मगध एक्सप्रेस छूट गई। वह दूसरी ट्रेन से पटना गए। महिला अनवर जहां कानपुर के मेस्टन रोड में अपने परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति इकबाल कुरैशी कुछ दिन पहले पटना गए थे। वहां बुधवार शाम उनकी मौत हो गई।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमो के सुचारू संचालन को लेकर बैठक

**तमसा संकेत, संवाददाता**



बहराइच । विकास खण्ड पयागपुर सभागार में गुरुवार को आगामी स्वास्थ्य कार्यक्रम स्कूल बेस्ड मिजिल्स रुबेला टीकाकरण 16 से 27 फरवरी, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी माप अप दिवस 13 फरवरी, स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान,100 दिवसीय क्षय रोगी खोजी अभियान, मेगा शिविर के आयोजन तहसील मुख्यालय पयागपुर पर शनिवार को आयोजित होगा जिसमें सभी विभाग अपने योजनाओं के स्टाल लगा कर सेवा प्रदान करने संबंधित बीटीएफ की बैठक खंड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में खंड विकास अधिकारी ने टीकाकरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित समीक्षा की गई नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण,सर्वे एवं ड्यू-लिस्ट के अद्यतन,उच्च जोखिम गर्भावस्था तथा मातृ-शिशु पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्कूलों में संचालित होने वाले अभियान को सफल बनाने हेतु आपस में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया । समीक्षा के क्रम में खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी पंचायत सहायकों को प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। ग्राम स्तर पर अभियानों का शुभारंभ ग्राम प्रधान या बीडीसी सदस्यों को अवश्य आमंत्रित करें व उनके सहयोग लिए जाए अभियान से पूर्व सभी अभिभावक को इसकी सूचना सभी नोडल शिक्षक द्वारा पीटीएम के माध्यम से दे दी जाए बैठक में एडीओ पंचायत तेजनारायण राव,ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अनुपम शुक्ल, डब्लूएचओ फील्ड मॉनिटर अविनाश अवस्थी नोडल शिक्षक प्रदीप पाण्डेय, आईसीडीएस से सपना मौर्य मनीष द्विवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'पीएम के साथ कुछ...

वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- कल लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में जो हुआ, वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था तो विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई अप्रत्याशित घटना कर सकते थे।

बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप पोस्टर लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा। जिस तरह से महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची, उसे देश ने देखा। ये उचित नहीं था। ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था।

इस बीच विपक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, इसको देखते हुए स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्रवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी।

पीएम मोदी बोले लालकिले से दिए कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों के भाषण का एनालिसिस कर लीजिए। इससे पता चल जाएगा कि उनके पास कोई विजन नहीं था। हमारी काफी ताकत उनकी गलतियों को सुधारने में लग रही है। उस दौर में दुनिया के मन में हमारी जो इमेज बनी थी, उसे मिटाने में बहुत मेहनत लगती है।

### राज्यसभा में पीएम ...

ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है।

PM बोले- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। आज डील की चर्चा गौरव से होती है।

### हादसा : मेघालय में ...

प्रधानमंत्री कार्यालय ने हादसे पर दुख जताते हुए पीएम नेशनल रिलीफ फंड से हर मृतक के परिवार को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।

ईस्ट जैंतिया हिल्स के SP विकाश कुमार ने बताया कि एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रैफर किया गया।

पुलिस के मुताबिक विस्फोट कोयला खनन के दौरान हुआ और यह खदान अवैध रूप से चल रही थी।

रैट-होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिनकी ऊंचाई आमतौर पर 3-4 फीट होती है। मजदूर इन्हीं सुरंगों में घुसकर कोयला निकालते हैं। ये सुरंगें इतनी छोटी होती हैं कि उनमें एक समय में केवल एक व्यक्ति ही जा सकता है।

### बंगाल में 21-40 की ...

लक्ष्मी भंडार योजना में बढ़ोतरी का प्रस्ताव, फरवरी से मासिक भत्ता 500 रुपए बढ़ेगा। इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

सरकार बांग्लार युवा साथी नाम की नई योजना शुरू करेगी। इसके तहत 21–40 साल के बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने तक या अधिकतम 5 साल तक 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे।

आंगनवाड़ी, आशा वर्कर्स, नागरिक स्वयंसेवक, ग्रीन पुलिस और ग्राम पुलिस को मासिक भत्ते में बढ़ोतरी दी गई। आंगनवाड़ी कर्मचारियों के लिए मृत्यु मुआवजा भी घोषित किया गया।

सरकारी कर्मचारियों को 4% महंगाई भत्ता (DA) बढ़ाने की घोषणा। राज्य सरकार ने 7वें वेतन आयोग को लागू करने की दिशा में काम जारी रखने की बात दोहराई।

### अहमदाबाद : आसाराम ...

गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने गुरुवार को अपने आदेश में कहा कि आश्रम में नियमों का उल्लंघन हुआ। उस जगह अब विकास परियोजना की जरूरत भी है, इसलिए सरकार की मांग सही है।

इस फैसले के बाद अहमदाबाद नगर निगम कभी भी आश्रम में बने अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर सकता है।

साबरमती नदी किनारे इस आश्रम की स्थापना आसाराम ने 1972 में की थी। आसाराम ने यहां सबसे पहले एक कुटिया बनाई थी, जिसे 'मोक्ष कुटिया' के रूप में पहचाना जाता था। धीरे-धीरे इसी कुटिया के आसपास निर्माण कार्य होता चला गया और बाद में इसे आसाराम मोटेरा आश्रम के नाम से पहचाना जाने लगा।

### आश्रम में 32 अवैध ...

आश्रम परिसर में करीब 32 अवैध स्ट्रक्चर बना लिए गए, जो कानूनी सीमाओं से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (एएमसी) ने आश्रम को कई बार नोटिस भेजे थे। इसके बाद 21 जनवरी 2026 को नगर निगम ने आश्रम का आवेदन भी खारिज कर दिया था।

### चाइनीज मांझे से ...

उन्होंने पुलिस और संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। इस अभियान के तहत न केवल चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगेगी, बल्कि उसके भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

सीएम योगी ने साफ कर दिया है कि चाइनीज मांझे से जुड़ा कोई भी व्यक्ति चाहे वह विक्रेता हो, सप्लायर हो या भंडारण करने वाला बख्शा नहीं जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को चाइनीज मांझे से पूरी तरह मुक्त किया जाए। इसके लिए पुलिस, प्रशासन और स्थानीय निकायों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मुख्यमंत्री के इस सख्त रुख के बाद चाइनीज मांझे के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी। आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे चाइनीज मांझे की बिक्री या उपयोग की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### जन-सुरक्षा से ...

हाल के दिनों में प्रदेश के कई जिलों से ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां चाइनीज मांझे की चपेट में आकर लोगों की जान चली गई या वे गंभीर रूप से घायल हुए।

### दिल्ली में 'लापता ...

रिकवरी रेट लगभग 77% है। इसका मतलब है कि लापता होने वाले प्रत्येक 10 में से लगभग 8 लोगों के मामलों को स्थानीय पुलिस सफलतापूर्वक सुलझा लेती है। पुलिस ने इसका श्रेय 'ऑपरेशन मिलाप' जैसी पहल को दिया, जो विशेष रूप से लापता बच्चों और वयस्कों को बचाने पर केंद्रित है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि दिल्ली पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए जिन उपायों को अपनाती है उसके बेहतर रिजल्ट सामने आए हैं। चेहरे की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर और AI का इस्तेमाल पुलिस बल की सहायता कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से लापता बच्चों की बड़ी संख्या का पता लगाने वाले पुलिसकर्मियों को दिया जाने वाला असाधारण कार्य पुरस्कार भी अच्छे परिणाम दे रहा है।

### यूपीएससी सेवा...

जैसे किसी का 2026 में IPS में सिलेक्शन हुआ तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईए-फएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

सिविल सर्विस एग्जाम-2026 में अगर ग्रुप-ए या फिर आईपीएस मिलती है, तो उम्मीदवार को सिर्फ एक बार यानी सीएसई-2027 में रैंक सुधारने का मौका मिलेगा। मौका तभी मिलेगा जब उम्मीदवार को ट्रेनिंग जॉइन न करने की वन टाइम एक्जेम्शन (एक बार की छूट) मिले। छूट फाउंडेशन कोर्स तक सीमित होगी।

## आज इंग्लैंड से मुकाबला, अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, आरोन जॉर्ज का शतक

# भारत 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में



**शानदार**

> भारतीय टीम ने 311 रन का टारगेट 41.1 ओवर में चेज कर लिया है। टीम ने 7 विकेट की जीत हासिल की। इस जीत में आरोन जॉर्ज के अलावा, कप्तान आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की फिफ्टी का भी योगदान रहा।

नई दिल्ली। भारत ने 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। 6 फरवरी को टीम इंडिया का फाइनल मैच इंग्लैंड के साथ होगा।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए हैं। टीम से फैजल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। भारत से दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके।

311 रन के जवाब में भारतीय टीम ने ओपनर आरोन जॉर्ज (115 रन) के शतक की बदौलत 41.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली। टीम से वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62 रन) ने फिफ्टी लगाई। भारत ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज किया है। इतना ही नहीं, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है।

इस मुकाबले में 620 रन बने। जोकि भारत और अफगानितान की टीमों के बीच यूथ वनडे मैच में सबसे ज्यादा हैं। पिछला रिकॉर्ड 521 रनों का था, जोकि 5 साल पहले 27 दिसंबर 2021 को ICC के दुबई मैदान पर बना था। 36वें ओवर में विहान मल्होत्रा को जीवनदान मिला। वे अब्दुल अजीज को उन्हीं की बॉल पर कैच थमा बैठे थे।

फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट भी दे दिया था, लेकिन थर्ड अंपायर ने कैच चेक करने के लिए हाईलाइट देखी तो पता चला कि गेंदबाज का पैर क्रीज से बाहर था।

ऐसे में इसे नो बॉल करार दिया गया। बैटर्स को फ्री-हिट भी मिला।



वैभव का विकेट सेलिब्रेट करते अफगानी खिलाड़ी। (फोटो- ACA)

### आरोन जॉर्ज 115 रन बनाकर आउट, भारत 300 पार

40वें ओवर में भारत ने 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। विहान मल्होत्रा ने सिंगल लेकर टीम इंडिया को 300 के आंकड़े तक पहुंचाया।

इस ओवर की तीसरी बॉल पर आरोन जॉर्ज 115 रन बनाकर आउट हो गए। वहीदुल्लाह जादरान ने कैच आउट कराया।

भारतीय ओपनर आरोन जॉर्ज ने 37वें ओवर में शतक पूरा किया। उन्होंने 95 बॉल पर सेंचुरी लगाई।

अफगानिस्तान की ओर से दो शतक लगे। इसके बावजूद अफगानी टीम भारत से पार नहीं पा सकी।

# पाकिस्तानी कप्तान ने बांग्लादेशी क्रिकेटर्स को बताया अपना भाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



T20 वर्ल्ड कप 2026 का आज कैप्टन-डे इवेंट का आयोजन हो रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब टी-20 विश्व कप का कैप्टन-डे इवेंट दो अलग-अलग देशों में हो रहा है। मुंबई और कोलंबो में 20 टीमों के कप्तान मीडिया से बातचीत करते हुए टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों के बारे में बताएंगे। बता दें कि 7 फरवरी 2026 से टी20 विश्व कप का आगाज हो रहा है, जिसकी मेजबानी संयुक्त रूप से भारत और श्रीलंका के पास है।

आज मुंबई में कैप्टन्स-डे दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जहां डिफेंडिंग चैंपियन टीम इंडिया, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज टीमों के कप्तान मौजूद होंगे। इन सभी 12 टीमों के कप्तान बीसीसीआई के हेडक्वार्टर मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा होंगे।

ICC द्वारा भेजे गए इनवाइट के अनुसार, 12 कप्तानों को मीडिया से बात करने के लिए 2 ग्रुप में बांटा गया है, पहला ग्रुप दोपहर 3 बजे से शुरू होगा और दूसरा ग्रुप 3:30 बजे से शुरू होगा। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ राशिद खान, हैरी ब्रूक, दिलप्रीत बाजवा (कनाडा), वेन मैडसेन (इटली), गेरहार्ड इरास्मस (नामीबिया), रोहित पौडेल (नेपाल), मिशेल सेंटनर, रिची बेरिंगटन (स्कॉटलैंड), एडेन मार्करम, मोनांक पटेल (USA) और शाई होप मुंबई में मौजूद रहेंगे।

कोलंबो में कैप्टन डे इवेंट मर्केंटाइल क्रिकेट एसोसिएशन में दोपहर 12 बजे से होगा। एक बार फिर 8 हिस्सा लेने वाले कप्तानों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा, जो दोपहर 12 बजे और 12:30 बजे से बोलेंगे।

## नामीबिया 6 रन से जीता, अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 23 रन से हराया

# टी-20 वर्ल्ड कप वॉर्मअप : भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका को होम टीम इंडिया ने 30 रन से हरा दिया। DY पाटिल स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 240 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 7 विकेट गंवाकर 210 रन ही बना सकी।

दूसरी ओर पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का नौवां वॉर्मअप मैच रद्द हो गया। कोलंबो स्टेडियम में बारिश की वजह से टॉस भी नहीं हो सका। वहीं 7वें मैच में नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 6 रन से जीत दर्ज की। 8वें मैच में अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 23 रन से हरा दिया। बुधवार को बेंगलुरु के BCCI ग्राउंड-2 पर खेले गए हाई-स्कोरिंग वॉर्मअप मैच में नामीबिया ने स्कॉटलैंड को 6 रन से हरा दिया। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैंडन मैकमुलन ने 95 रन की तेज पारी खेली, लेकिन टीम को जिता नहीं सके। नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 226 रन बनाए। ओपनर जान फ्राइलिंक ने 88 और लॉरेन स्टीनकैंप ने 51 रन बनाए। दोनों ने पावरप्ले में ही 79 रन जोड़ दिए। 11वें ओवर में फ्राइलिंक के आउट होने के बाद कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने नाबाद 33 और रूबेन ट्रम्पेलमैन ने 25 रन बनाकर स्कोर को मजबूत किया। जवाब में स्कॉटलैंड की शुरुआत खराब रही, लेकिन मैकमुलन ने 39 गेंदों पर 6 चौके और 8 छक्के लगाकर मैच में जान डाल दी।



**बेंगलुरु के बीसीसीआई सीओई ग्राउंड-1 पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 23 रन से हराकर वॉर्मअप मैचों में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।**

### भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया

नवी मुंबई के DY पाटील स्टेडियम में भारत ने अपने इकलौते वॉर्म-अप मैच में साउथ अफ्रीका को 30 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 240 रन बना दिए। ईशान किशन ने 20 गेंद पर फिफ्टी लगाई। तिलक वर्मा ने 45, हार्दिक पंड्या ने 30, अक्षर पटेल ने 35, अभिषेक शर्मा ने 24 और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 30 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्त्या और क्वेन मफाका ने 1-1 विकेट लिया।




स्कॉटलैंड के ब्रैंडन मैकमुलन ने 95 रन बनाए।

## मनोरंजन


### वेब सीरीज फैमिली बिजनेस में आएंगी नजर, एक्ट्रेस की वापसी पर फैंस खुश

# 5 साल बाद रिया चक्रवर्ती की एक्टिंग में वापसी



नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद लंबे समय तक ब्रेक लेने के बाद रिया चक्रवर्ती फिर से फिल्मों और सीरीज में वापसी कर रही हैं। मंगलवार शाम वह मुंबई में हुए 'Next On Netflix' इवेंट में शामिल हुईं, जहां एक्ट्रेस ने अपनी कमबैक सीरीज फैमिली बिजनेस की आधिकारिक घोषणा की। इस सीरीज में रिया के साथ अनिल कपूर और विजय वर्मा भी नजर आएंगे।

रिया चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम पर फैमिली बिजनेस का टीजर शेयर किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, नई शक्ति मिलती है पुराने पैसे से। जब सत्ता बड़ी होती है, तो परिवार और कारोबार की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं। फैमिली बिजनेस जल्द ही केवल नेटफ्लिक्स पर देखें। रिया के कमबैक से उनके फैंस काफी खुश हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को सपोर्ट किया जा रहा है। एक फैन ने लिखा, देर आए, दुरुस्त आए, बधाई। दूसरे ने कहा, रिया को स्क्रीन पर वापस देख खुश हूं।



> बता दें, 2020 में सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था। उसी साल सितंबर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने रिया चक्रवर्ती को हिरासत में लिया, जब उनके व्हाट्सएप से कथित ड्रग्स से जुड़े चैट्स सामने आए। अगले महीने उन्हें जमानत दे दी गई थी। इस शर्त के साथ कि वह अपना पासपोर्ट एनसीबी के पास जमा करें।

# द केरल स्टोरी 2 पर सादिया खतीब ने जताई आपत्ति

### कहा- फिल्म की कहानी एक खास धर्म को निशाना बनाती है




नई दिल्ली। विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जहां एक तरफ लोग इसे सच्ची घटनाओं से प्रेरित बता रहे हैं तो दूसरी ओर एक्ट्रेस सादिया खतीब ने फिल्म की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा फिल्म की कहानी बार-बार एक खास धर्म को निशाना बनाती है और उसे समाज के लिए खतरे के रूप में पेश करती है। सादिया खातीब ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट लिखा, एक मुसलमान होने के साथ-साथ एक भारतीय नागरिक के तौर पर वह इस तरह की फिल्मों को देखकर खुद को अपमानित और दुखी महसूस करती हैं। समस्या सिर्फ यह नहीं है कि क्या हो रहा है, बल्कि यह है कि लोग इसे खामोशी से स्वीकार कर रहे हैं। नफरत और डर को सिनेमा और जागरूकता के नाम पर सावधानी से परोसा जा रहा है। अपने पोस्ट में सादिया ने आगे लिखा, जब किसी पूरे समुदाय को बार-बार आतंकवादी, विलेन या नफरत के लायक न समझे जाने वाले लोगों के रूप में दिखाया जाता है, तो इससे उस समुदाय पर गहरा मानसिक असर पड़ता है।

### हाउसवाइफ में साथ आ सकते हैं नजर, इसी साल शुरू होगी शूटिंग

# आलिया और राजकुमार राव की बनेगी जोड़ी





मुंबई। आलिया भट्ट इन दिनों एक्शन फिल्म अल्फा और पीरियड रोमांस लव एंड वार को लेकर चर्चा में हैं। अब खबर है कि एक्ट्रेस जल्द ही हाउसवाइफ का हिस्सा भी होंगी। यह एक रिश्तों पर आधारित ड्रामा फिल्म है और इसे 'दृश्यम 2' के निर्देशक अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। Variety India की रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट फिल्म में हाउसवाइफ का किरदार निभाएंगी। फिल्म में लीड एक्टर के तौर पर राजकुमार राव से बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट केवल मुख्य भूमिका निभाएंगी ही नहीं, बल्कि अपनी प्रोडक्शन कंपनी, एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस के तहत इस फिल्म की को-प्रोड्यूसर भी होंगी। वह इस प्रोजेक्ट में अभिषेक पाठक की पैनोरमा स्टूडियोज के साथ भी सहयोग करेंगी। फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त-सितंबर में शुरू होने की संभावना है। यह प्रोजेक्ट तब शुरू होगा जब अभिषेक पाठक अपनी नई फिल्म 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी कर लेंगे।

इसके अलावा आलिया भट्ट 2027 के लिए कई अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी बातचीत कर रही हैं, जिनमें मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'चामुंडा' भी शामिल है। आलिया की अगली फिल्म 'अल्फा' होगी, जो शिव रावल के निर्देशन में बनने वाला एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है। इस फिल्म में वह एलिट ऑल-वुमेन कॉम्बैट यूनिट की कमांडिंग ऑफिसर का किरदार निभाएंगी, जिसमें उनके साथ शर्वरी वाघ भी हैं। यह फिल्म YRF स्पाय यूनिवर्स में सेट की गई है और इसमें बॉबी देओल भी अहम भूमिका में होंगे। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसको लेकर अब तक कोई भी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है।

# प्रियंका ने दिया डॉन-3 और कृष-4 से जुड़ने का हिंट

### कहा- पता नहीं इस बारे में बोल सकती हूं या नहीं



नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा करीब छह साल बाद भारतीय सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वह एस.एस. राजामौली की फिल्म वाराणसी में नजर आएंगी। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म डॉन और कृष को लेकर बात की।

स्क्रीन रेंट से बातचीत में जब प्रियंका चोपड़ा से डॉन 3 और कृष 4 का हिस्सा होने के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा, यह ऐसे किरदार हैं, जिन्हें वो हमेशा करने के लिए तैयार रहेंगी लेकिन कहानी भी अच्छी होनी चाहिए। मुझे नहीं पता कि मैं दोनों में से किसी के बारे में बात कर भी सकती हूं या नहीं।

इसी दौरान प्रियंका के को-एक्टर महेश बाबू ने मजाक में कहा, तो फिर कुछ न कुछ जरूर चल रहा है। आगे एक्ट्रेस ने कहा, वाराणसी भारत में लगभग छह साल बाद मेरी पहली फिल्म है और यहां वापस आना बेहद खास है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी किरदार या फ्रेंचाइजी में दमदार कहानी हो तो वह उसे दोबारा निभाने के लिए तैयार हैं।

ऋतिक रोशन की कृष 3 में प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके अलावा वो शाहरुख खान की 'डॉन 2' का भी हिस्सा रह चुकी हैं। बता दें, प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म वाराणसी में दिखाई देंगी। इस मूवी में प्रियंका चोपड़ा को महेश बाबू नजर आएंगे। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी।

## रूस बोला इसमें कुछ भी गलत नहीं, प्रवक्ता बोले- भारत से तेल खरीद रोकने की जानकारी नहीं

# 'भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद'

**बयान**

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस ने बुधवार को कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड ऑयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है इसलिए अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

पेस्कोव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी ऑफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं



आया है। इस बीच रूस के एनर्जी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए रूसी तेल को पूरी तरह छोड़कर किसी और देश का तेल लेना आसान नहीं है।

नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी फंड के विशेषज्ञ इगोर युशकोव ने बताया कि अमेरिका जो तेल बेचता है, वह हल्का होता है, जबकि रूस, भारत को भारी और सल्फर वाला यूराल्स क्रूड सप्लाई करता है जिसका इस्तेमाल भारतीय रिफाइनरियां करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से हल्का तेल खरीदेगा, तो उसे दूसरे तेलों के साथ ब्लेंड (मिक्स) करना पड़ेगा, ताकि मशीनें ठीक से चल सकें। ऐसा करने पर भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। यानी कि भारत को अमेरिकी तेल खरीदना ज्यादा महंगा पड़ेगा। एनर्जी एक्सपर्ट इगोर युशकोव ने यह भी कहा कि रूस भारत को रोजाना 1.5 से 2 मिलियन बैरल तक तेल भेजता है। यह बहुत बड़ी मात्रा है। अमेरिका इतनी बड़ी मात्रा में तेल आसानी से भारत को नहीं सप्लाई कर सकता। अमेरिका के पास इतनी क्षमता या तैयार सप्लाई चेन नहीं है जो इतनी जल्दी और इतने बड़े वॉल्यूम में मैच कर सके। अगर भारत अचानक रूसी तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दे और अमेरिका या किसी और से तेल लेने की कोशिश करे, तो अमेरिका के लिए इतना ज्यादा तेल उपलब्ध करा पाना मुश्किल होगा। इससे भारत को तेल की कमी हो सकती है या कीमतें बहुत बढ़ सकती हैं।

### रूसी प्रवक्ता बोलीं- तेल खरीदी दोनों देशों के लिए फायदेमंद

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ निकट सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं।

**एनर्जी एक्सपर्ट युशकोव ने कहा कि भारत का रूसी तेल खरीदना कोई 'एक झटके में' होने वाला काम नहीं है। ट्रम्प यह दिखाना चाहते हैं कि उनकी वजह से भारत रूसी तेल छोड़ देगा, लेकिन हकीकत इतनी सरल नहीं है।**

### ट्रम्प का दावा- भारत रूसी तेल खरीदना बंद करेगा



इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50% से घटकर 18% हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा।

**फास्ट न्यूज**

### भारत में बनेंगी 100 नई 'रिलायंस'

नई दिल्ली । रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी 'ब्लैक रॉक' के CEO लैरी फिंक के बीच आज यानी 4 फरवरी को खास बातचीत हुई। इस दौरान मुकेश अंबानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था और नई टेक्नोलॉजी को लेकर बड़ा भरोसा जताया। अंबानी ने कहा कि भारत टेक्नोलॉजी को दुनिया के किसी भी दूसरे देश से बेहतर तरीके से अपनाता है, इसलिए हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से डरने की जरूरत नहीं है।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील का जॉइंट स्टेटमेंट 4-5 दिन में आएगा

नई दिल्ली । केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार (5 फरवरी) को कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच बाइलेटरल ट्रेड डील पर जॉइंट स्टेटमेंट अगले 4-5 दिनों में फाइनल और साइन हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह डील का पहला ट्रांच है और इसका लीगल टेक्स्ट मिड-मार्च तक तैयार हो जाएगा। गोयल ने संसद में और मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत तेजी से चल रही है। जॉइंट स्टेटमेंट साइन होने के बाद अमेरिका भारतीय गुड्स पर टैरिफ घटाकर 18% कर देगा।

### ईरानी महिलाओं को मिली मोटरसाइकिल चलाने की आजादी

नई दिल्ली। ईरान की सरकार ने महिलाओं के लिए एक बड़ा और अहम फैसला लिया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ईरान की महिलाओं को कानूनी रूप से मोटरसाइकिल चलाने की अनुमति मिल गई है। दरअसल, ईरानी कानून के मुताबिक, वहां की महिलाओं को मोटरसाइकिल या स्कूटर चलाने पर साफ रोक नहीं थी, लेकिन फिर भी प्रशासन की ओर से उन्हें लाइसेंस नहीं दिया जाता था।

## चांदी आज 28 हजार सस्ती हुई 10 ग्राम सोना 3 हजार रुपए सस्ता

### वायदा बाजार में भाव 2.40 लाख/किलो पर आया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दो दिन की तेजी के बाद आज 5 फरवरी को गिरावट है। वायदा बाजार (MCX) में चांदी का दाम करीब 28 हजार रुपए (11%) कम हो गया है। 1 किलो चांदी का भाव 2.40 लाख रुपए पर आ गया है।

सोने का दाम भी करीब 3 हजार रुपए (2%) गिर गया है। 10 ग्राम सोना 1.50 लाख रुपए पर है। इससे पहले 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। वहीं सोने की कीमत में 26 हजार रुपए कम हुई थी। सर्राफा बाजार के दाम दोपहर 12 बजे जारी की जाएंगे।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में चांदी 30,230 रुपए गिरकर 2,52,232 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।



वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,613 रुपए कम होकर 1,53,012 रुपए पर आ गया है। मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट है।

सेबी रजिस्टर्ड कमोडिटी एक्सपर्ट अनुज गुप्ता ने कहा कि शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज (CME) ने कॉपर के बाद अब सोने और चांदी पर भी मार्जिन मनी बढ़ा दी है।

सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% कर दिया है। वहीं चांदी पर इसे 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव बने रहने की उम्मीद है।

## विदेश मंत्री से कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

# दावा : अजित डोभाल की बैकडोर बातचीत के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

**रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था। डोभाल की सितंबर वाली मुलाकात इसी कोशिश का हिस्सा थी। भारत का मानना है कि अमेरिका उसके लिए लंबे समय का अहम साथी है और रिश्तों को ज्यादा खराब नहीं होने दिया जा सकता।**

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितंबर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल को वॉशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ




कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें।

### ट्रम्प ने दो दिन पहले भारत पर टैरिफ घटाया

ट्रम्प ने सोमवार यानी 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने PM मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स घटाकर 18% कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि इसके बदले भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा, वेनेजुएला से तेल लेगा और अमेरिकी सामान पर टैक्स पूरी तरह खत्म करेगा। हालांकि भारत सरकार ने इन बातों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और कोई लिखित समझौता भी सामने नहीं आया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की कॉल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी।

## वॉशिंगटन पोस्ट ने 300 स्टाफ को निकाला, स्पोर्ट्स सेक्शन बंद, भारत में पूरी टीम खत्म

# अमेरिकी अखबार में छंटनी शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका के मशहूर अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को 800 पत्रकारों में से 300 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इसमें सीनियर कॉलमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं। वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं।

ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि वॉशिंगटन पोस्ट ने इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया है। यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने बताया कि जेफ बेजोस की कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन




पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। काहिरा (मिस्र) ब्यूरो चीफ क्लेयर पार्कर ने एक्स पर लिखा कि पूरी मिडिल ईस्ट रिपोर्टिंग टीम को निकाल दिया गया है, जिसे समझना मुश्किल है।

यूक्रेन से युद्ध क्षेत्र में रिपोर्टिंग करने वाली लिजी जॉनसन को भी निकाल दिया गया है। एक स्पोर्ट्स रिपोर्टर को इटली में विंटर ओलंपिक्स कवर करने के दौरान छंटनी की सूचना मिली, लेकिन उन्होंने कहा कि वे स्टोरी फाइल करते रहेंगे।

**लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पॉडकास्ट 'पोस्ट रिपोर्ट्स' भी खत्म हो जाएगा। वॉशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट, इंडिया और ऑस्ट्रेलिया से भी रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए हैं।**

कर्मचारियों को कंपनी की एक मीटिंग के बाद ईमेल के जरिए छंटनी की जानकारी दी गई। पूर्व कार्यकारी संपादक मार्टिन बैरन ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अखबार की ब्रांड वैल्यू को खुद ही नुकसान पहुंचाने वाला कदम बताया। यह छंटनी पत्रकार जगत के लिए एक बड़ा झटका है। वॉशिंगटन पोस्ट अमेजन के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक जेफ बेजोस के स्वामित्व में है। वॉशिंगटन पोस्ट को पिछले कुछ सालों से भारी घाटा हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में अखबार को 77 मिलियन डॉलर (लगभग 650 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ, जबकि 2024 में यह घाटा 100 मिलियन डॉलर (लगभग 840 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। पिछले दो सालों में कुल मिलाकर 177 मिलियन डॉलर (लगभग 1,500 करोड़ रुपये) का घाटा बताया गया है।

### अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा करने में नाकाम : एग्जीक्यूटिव एडिटर

एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से कहा कि अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है। मरे ने कहा कि यह फैसला दर्दनाक, लेकिन जरूरी है। अखबार को बदलती तकनीक और पाठकों की आदतों के अनुसार खुद को ढालना होगा।

अखबार का फोकस मुख्य रूप से राष्ट्रीय खबरों, राजनीति, बिजनेस और स्वास्थ्य पर ज्यादा होगा, जबकि अन्य क्षेत्रों में कवरेज काफी कम हो जाएगी।

जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है, वे 10 अप्रैल तक कंपनी में बने रहेंगे, हालांकि उनसे काम करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी। उन्हें छह महीने तक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलता रहेगा।

## सीसीआई ने दिए इंडिगो के खिलाफ जांच के आदेश

### कहा- जानबूझकर हजारों फ्लाइट्स कैंसिल कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) ने देश की सबसे बड़ी एयर-लाइन इंडिगो के खिलाफ 'अनफेयर बिजनेस प्रैक्टिस' यानी अनुचित व्यापारिक गतिविधियों को लेकर जांच के आदेश दिए हैं।

यह कार्रवाई दिसंबर में इंडिगो द्वारा हजारों फ्लाइट्स कैंसिल करने और उसके बाद पैदा हुए ऑपरेशनल संकट को देखते हुए की गई है। आयोग का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में फ्लाइट्स रद्द करने से बाजार में उड़ानों की कमी हुई, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई और प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन हुआ।

CCI ने अपने 16 पन्नों के आदेश में इंडिगो की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। आयोग ने कहा कि हजारों फ्लाइट्स कैंसिल करना, जो कि एयरलाइन की कुल क्षमता का एक बड़ा हिस्सा था, एक तरह से



बाजार से अपनी सर्विस को रोक लेना है। ऐसा करने से पीक डिमांड के समय उड़ानों की आर्टिफिशियल यानी जानबूझकर कमी पैदा हुई। इससे न केवल यात्रियों के लिए हवाई यात्रा के विकल्प कम हुए, बल्कि कंज्यूमर एक्सेस को भी सीमित कर दिया गया। इंडिगो के लिए यह संकट पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में शुरू हुआ था। 3 से 8 दिसंबर के बीच ही इंडिगो की करीब 4,500 फ्लाइट्स कैंसिल हुई थीं। इसके अलावा करीब 2000 फ्लाइट्स में देरी हुई थी। इसके कारण देशभर के एयरपोर्ट्स पर लाखों यात्री फंसे रहे और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## घटना : मां और भाई-बहन की जान बचाई, तूफान में बोट पलटने से 14 किलोमीटर दूर बहा परिवार

# समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा

**पर्थ, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे ऑस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

द गॉर्जियन के मुताबिक, जोआन एपलबे अपने बच्चों ऑस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी।

हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में



ऑस्टिन एपलबी (सफेद घेरे में) अपने परिवार को बचाने के लिए समुद्र में तैरते हुए।

बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे ऑस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है। वहीं दूसरी तरफ ऑस्टिन के परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे ऑस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे ऑस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे।

### किनारे पर पहुंचते ही ऑस्टिन ने 2 किमी दौड़ लगाई

ऑस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उसने अपनी लाइफ जैकेट भी उतार दी क्योंकि वह मदद नहीं कर रही थी। अगले दो घंटे तक वे डर के बावजूद प्रार्थना करते रहे, गाने गुनगुनाते रहे और अच्छी बातें सोचते रहे। ऑस्टिन ने कहा कि वे अपनी मां, भाई, बहन, दोस्तों और अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में सोच रहे थे। जब उनके पैर जमीन से टकराए, तो उन्हें यकीन नहीं हुआ कि वे किनारे पहुंच गए हैं। लेकिन तभी उन्हें याद आया कि उनका परिवार अभी भी समुद्र में हो सकता है। शाम करीब छह बजे वे किनारे पहुंचे और 2 किमी दौड़कर अपनी मां के बैग तक पहुंचे वहां, उसने फोन मिलने पर रेस्क्यू टीम से मदद मांगी। इसके बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर तलाश शुरू की।



ऑस्टिन एपलबी (दाएं) और उनके भाई ब्यू, मां जोआन और बहन ग्रेस।

अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद ऑस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा।

समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि ऑस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है।

# अनिल अंबानी देश नहीं छोड़ेंगे : सुप्रीम कोर्ट

### बैंक फ्रॉड केस में ईडी-सीबीआई को फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरुभाई अंबानी ग्रुप (ADAG) जुड़े 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में जांच एजेंसियों पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- CBI और ED जांच में देरी का कारण नहीं बता सकीं। दोनों एजेंसियां पहले ही काफी समय ले चुकी हैं। आगे ऐसी ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने CBI और ED से चार हफ्ते में ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने यह रिकॉर्ड किया कि अनिल अंबानी उसकी पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे।

असल में याचिकाकर्ता और पूर्व आईएएस अफसर ईएएस सरमा ने अनिल के देश छोड़ने की आशंका



जताई थी। सुनवाई के दौरान अनिल अंबानी ने अपने वकील मुकुल रोहतगी के जरिए कोर्ट को आश्वासन दिया कि वे कोर्ट की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि अनिल अंबानी के खिलाफ पहले ही लुकआउट सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं। मेहता ने कोर्ट को बताया- अनिल समूह की कंपनियों के जरिए करीब 40 हजार करोड़ सायफन किए जाने का आरोप है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96